हरिभूमि
रायपुर भूमि



# मजाक बना विसर्जन, धर्म वेत्ताओं ने कहा पितृपक्ष में शुभ नहीं, धर्म के साथ खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में अनंत चतुर्दशी के बाद गणेश प्रतिमा के विसर्जन को लेकर धर्म शास्त्र वेत्ताओं का कहना है, शुभ नहीं ये विसर्जन। हिंदू संस्कृति के हिसाब से पितृपक्ष में विसर्जन नहीं हो सकता, पर लोगों ने इसे मजाक बना दिया है। इस तरह का विसर्जन शास्त्र सम्मत नहीं है। महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गये विसर्जन कुंड में शहर के विभिन्न हिस्सों में गणेश पंडालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों सहित अन्य स्थानों पर स्थापित मंगलमूर्ति की सुंदर प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा।

### गणपति विसर्जन को मजाक बना दिया

शहर में अनंत चतुर्दशी के बाद गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाना शास्त्र के विरुद्ध कार्य है। लोगों ने गणपति विसर्जन को मजाक बना लिया। पितृ पक्ष में गणपति प्रतिमा का विसर्जन नहीं होना चाहिए।

- पं. **मनोज शुक्ला**, पुजारी, महामाया मंदिर पुरानी बस्ती

### शास्त्र का अपमान कर रहे

पितृपक्ष में गणेश प्रतिमा विसर्जन एक तरह से शास्त्र का अपमान है। पितृ पक्ष में गणेश विसर्जन पागलपन है। अपने प्रदर्शन को माध्यम बनाने लोग ऐसा कर रहे हैं। यह धर्म सम्मत कार्य नहीं है।

- **डॉ. इंदुभवानंद**, धर्म शास्त्र वेत्ता प्रभारी शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला



## विसर्जन कुंड स्थल पर लगा बांस-बल्ली ढांचा का ढेर, नीलामी के लिए टेंडर जल्द

राजधानी के महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गए विसर्जन कुंड से प्रतिमा विसर्जन के दौरान विसर्जित ढांचा को क्रेन की मदद से निकालने का काम जोर-शोर से चल रहा है। कुंड स्थल के आसपास बांस-बल्ली, पैरा, रस्सी, थर्माकोल सहित सजावट की सामग्री का ढेर लगा हुआ है। नगर निगम जोन 8 द्वारा इन विसर्जन सामग्री की नीलामी करने जल्द टेंडर निकाला जाएगा, ताकि विसर्जन कुंड के आसपास की सफाई आसानी से हो सके। गणेशोत्सव के दौरान शहर के अलग-अलग जगहों पर ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन हाउस अरेस्ट कर साढ़े छह लाख की ठगी

**रायपुर।** राखी थाना में मेघालय में प्राइवेट जॉब करने वाले एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन हाउस अरेस्ट कर छह लाख 35 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाउस अरेस्ट कर ठगी करने की राखी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना है। पूर्व में मंत्रालय में काम करने वाली एक महिला अधिकारी के साथ इसी तरह की ठगी की घटना हुई है। पुलिस के मुताबिक उपरवारा निवासी प्रशांत रंजन पाण्डेय ने ठगी की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सौ रुपए लेन-देन के विवाद में मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने एक अन्य के खिलाफ सौ रुपए लेन-देन विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक्र पेशे से ड्राइवर रोहित सोनवानी ने सालिकराम नायक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रोहित ने पुलिस को बताया कि उसने एक माह पूर्व सालिकराम को सौ रुपए उधार दिया था, जिसे मांगने पर सालिकराम ने रोहित के साथ मारपीट की।

स्टेशन में नया पार्किंग ठेका शुरू होने के बाद रेलवे ने शनिवार को पहली बार किया ब्रीथ टेस्ट

# हरिभूमि की खबर के बाद पार्किंग कर्मचारियों का 'ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट' करने पहुंचा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खबर का असर

5 दिनों से पार्किंग कर्मचारियों का नहीं हुआ 'ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट', ड्रेस कोड और कंप्यूटर पर्ची भी गायब शीर्षक से हरिभूमि ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद रेलवे प्रशासन पूरे मामले में गंभीरता दिखाते हुए कर्मचारियों का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट करने पहुंचा। हरिभूमि की खबर से ही पहली बार रेलवे का अमला टेस्ट करने पहुंचा। बता दें कि 15 सिंतबर से स्टेशन में नया पार्किंग ठेका शुरू हो गया है। रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार के लिए 30 नियम बनाया है, जिसमें रोजाना कर्मचारियों का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट भी करना है, लेकिन रेलवे द्वारा पांच दिनों से जांच नहीं की गई थी। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद शाम ही मशीन लेकर रेलवे के अधिकारी पहुंचे और सभी कर्मचारियों की जांच की। शनिवार को कोई भी कर्मचारी नशे में काम करता हुआ नहीं पाया गया। रेलवे प्रशासन ने नियमानुसार पार्किंग संचालन करने का निर्देश दिया गया है। अब से रोजाना जांच होगी, जिसकी रिपोर्ट मंडल के उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।

### तीन दिनों के भीतर सिस्टम में सुधार

पार्किंग ठेकेदार ने बताया कि पार्किंग के नियमानुसार मशीन आ चुकी है। तीन दिनों के भीतर पूरा सिस्टम बेहतर हो जाएगा। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर कंप्यूटरीकृत पार्किंग पर्चियां मिलने लगेंगी। कर्मचारी टी-शर्ट, जूते और नेम प्लेट के साथ काम करेंगे। बेहतर व्यवस्था बनाई जा रही है, ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। रेलवे ने भी जल्द से जल्द सिस्टम बेहतर करने कहा है।

### पार्किंग ठेकेदार के लिए 30 नियम


हरिभूमि
रायपुर भूमि
रेलवे स्टेशन में 5 दिनों से पार्किंग कर्मचारियों का नहीं हुआ 'ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट', ड्रेस कोड और कंप्यूटर पर्ची भी गायब

### दुर्व्यवहार की नहीं मिलेगी शिकायत

ठेकेदार ने पार्किंग में ऐसे कर्मचारियों को काम पर रखा है, जो अपराधी प्रवृत्ति के नहीं हैं। कर्मचारियों को विशेष रूप से कहा गया है कि लोगों से बेवजह किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न करें। पूर्व पार्किंग ठेके में यात्रियों की शिकायत थी कि कर्मचारी नशे में काम करते हैं। इस वजह से लोगों से दुर्व्यवहार की शिकायत बढ़ गई थी। रेलवे ने स्पष्ट कर दिया है कि एक महीने का सीसीटीवी कैमरे का फूटेज उपलब्ध होना चाहिए, ताकि कोई भी घटना होने से फूटेज के आधार पर कार्रवाई की जा सके। जानकारी के मुताबिक 30 में एक भी नियम का उल्लंघन करने पर सीधे जुर्माना व कार्रवाई का प्रावधान है।

### ड्यूटी के दौरान इन नियमों का करना है पालन

इस बार रेलवे ने पार्किंग कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति पार्किंग में कार्य नहीं करेगा। अनुबंध शुरू होने से 7 दिन पहले पुलिस सत्यापन के साथ पार्किंग स्टैंड पर कार्यरत कर्मचारियों की सूची सीनियर डीसीएम कार्यालय में जमा करने को कहा गया था। नियोजित कर्मचारियों की अनुमोदित सूची से दैनिक रोस्टर तैयार किया जाएगा। ड्यूटी घंटों के दौरान कोई भी कर्मचारी नहीं बदला जाएगा। अनुमोदित सूची से कर्मचारियों के परिवर्तन के मामले में न्यूनतम 7 दिन पहले सीनियर डीसीएम कार्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी। स्टाफ में बदलाव के बारे में सीनियर डीसीएम कार्यालय से अनुमोदित शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा।

# करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सूदखोर भाई रोहित तोमर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की रामनगर चौकी में पांच माह पूर्व सूदखोरी के एक मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह रूबी उर्फ तोमर के भाई रोहित तोमर तथा उसके मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने रोहित तोमर को एक सप्ताह पूर्व 12 सितंबर को ▶▶ शेष पेज 13 पर

- **कारोबारी को पांच लाख रुपए कर्ज देकर 30 लाख रुपए वसूलने का आरोप**

### कोर्ट परिसर से गिरफ्तार

गुंडे बदमाशों की सूची में शामिल रोहित को पुलिस ने कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रोहित 12 सितंबर को पुराने मामले की पेशी अटैंड करने जिला न्यायालय आया था। पुलिस को देखने के बाद वह चकमा देकर भागने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच पुलिस ने रोहित का पीछा कर पकड़ा और पूछताछ करने थाना लाया। दूसरे दिन पुनः कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया।


### ब्याज में देर होने पर हर दिन 10 प्रतिशत चार्ज

कारोबारी के अनुसार रोहित पांच लाख रुपए कर्ज के बदले उससे हर माह 10 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूलता था। ब्याज की राशि देने में देर होने पर ब्याज की राशि में रोहित उससे हर दिन 10 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज वसूलता था। शिकायत करने पर मारने की धमकी देता था।

### गन पाइंट पर कारोबारी का अपहरण

राजकुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि फरवरी में रात के समय रोहित ने अपने मैनेजर योगेश को उसके पास भेजा और पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर योगेश ने रोहित के पास चलने के लिए कहा। इनकार करने पर रोहित तथा योगेश ने कारोबारी को गन पाइंट पर राजकुमार के घर से अपहरण कर अपने साथ ले जाकर मारपीट की।

|| श्रद्धांजलि सभा ||



जन्म 11.11.1952
निर्वाण 11.09.2024

स्व. श्री सुभाष शर्मा

(पूर्व महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.) पौंता वाले
सुंदर नगर, रायपुर

परिवार जिनका मंदिर था, स्नेह जिनकी शक्ति थी ।
परिश्रम जिनका कर्तव्य था, परमार्थ जिनकी भक्ति थी ।।
नि:स्वार्थ कर्मयोगी को समर्पित श्रद्धा सुमन...

दिवंगत पुण्य आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें ।

श्रद्धांजलि सभा
रविवार, दि. 22.9.2024 | समय : सायं 4 से 5 बजे तक
स्थान : पं. सुन्दरलाल शर्मा उ.मा. शाला परिसर, रायपुर

शोकाकुल परिवार :
श्रीमती चंद्रलेखा दीवान,
आभा-अमित पाण्डेय एवं समस्त पौंता परिवार

विनीत : साधना-अनिल शर्मा, अर्चना तिवारी,
सोनल-राहुल गौतम, तनुश्री-रुपेश पाण्डेय,
अग्निमित्र, श्वेता-अभिषेक, वंशिका शर्मा

जिन स्नेहीजनों को शोक पत्र न मिला हो इसे ही शोक सूचना मानकर हमारा आग्रह स्वीकार करें ।
तेरहवीं - सोमवार, दिनांक : 23 सितम्बर 2024 | समय : दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक
स्थान : अभिनंदन पैलेस, रिंग रोड, रायपुर

ATUL

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY

University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India

In Collaboration with
RUSHFORD | INDIANA TECH | HENRY HARVIN | SSBM



Admission open 2024-25
Apply Now

+91-91092-44444
+91-91093-33333

City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010

Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996

Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance

Advanced Specialization Programmes
- Artificial Intelligence (AI),
- Machine Learning (ML),
- Full Stack Development,
- Internet of Things (IoT),
- Cyber Security,
- UI/UX,
- Digital Marketing,
- Data Science,
- Business Analytics,

PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma | Ph.D
LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | BA-LLB | Ph.D |
MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) |
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma | B.Sc (Hons) | M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hons) | M.Sc | Ph.D
COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com(Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma | BA (Hons) | MA | Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANTIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | MA | Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma | BA (Hons) | B.Sc (Hons)
| MA | Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

## खबर संक्षेप

### ओबीसी आयोग सचिव से बीएलओ प्रतिनिधियों ने कहा- मानदेय बढ़ाए बिना नहीं होगा सर्वे

**रायपुर।** अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति वर्ग का सर्वे करने का विरोध कर रहे रायपुर जिले के बीएलओ के प्रतिनिधिमंडल के साथ शनिवार को ओबीसी आयोग के सचिव हिमाचल साहू ने बैठक की। इस बैठक में बीएलओ प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के सचिव से कहा कि मूल विभाग कार्य से मुक्त किए बिना सर्वे का काम करना मुश्किल है। इसके बाद भी वे काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनका मानदेय बढ़ना चाहिए।

### 13 नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टरों की जिलों में नियुक्ति

**रायपुर।** 13 नव नियुक्त डिप्टी कलेक्टरों की नियुक्ति का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने आज जारी किए हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के नव नियुक्त डिप्टी कलेक्टरों को जिलों में कार्यभार ग्रहण करने कहा गया है। इनमें डिप्टी कलेक्टर भावना साहू को जांजगीर चांपा, लोकांश एल्मा को दंतेवाड़ा, देवाशीष कुर्रे को बलौदाबाजार-भाटापारा, सारिका मित्तल को मुंगेली, शुभम देव को महासमुंद, शिक्षा शर्मा जो सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ थीं उनको अब सारंगगढ़ बिलाईगढ़ का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

### छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन के लिए पायलट ने जनता का जताया आभार

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस द्वारा बुलाये गए बंद का समर्थन देने के लिए राज्य की जनता छोटे बड़े व्यापारियों, उद्योगपतियों सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कवर्धा की हृदय विदारक घटना के बाद तथा राज्य की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने यह बंद बुलाया था। जनता ने एक दिन के लिए अपने काम काज को बंद करके राज्य की भाजपा सरकार की विफलता के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया है।

# टाटीबंध के बाद अब 20 वार्डों में मूणत बनवाएंगे महतारी सदन के नाम से आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों में क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत महतारी सदन के नाम सर्वसुविधा युक्त आंगनबाड़ी बनवाएंगे। नगर निगम इसका निर्माण करेगा। टाटीबंध के वार्ड में इस प्रोजेक्ट की पहली आंगनबाड़ी जल्द आकार लेगी। नए आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए खेल मैदान, बगीचा, इंडोर गेम्स की सुविधा रहेगी।

दरअसल, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार को बढ़ावा देने वरिष्ठ विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम के सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं देने का अभियान चला रहे हैं। अब बच्चों की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी की स्थापना में नया प्रयोग करने वाले हैं। शहर के टाटीबंध में इस प्रोजेक्ट की पहली आंगनबाड़ी का निर्माण होगा। महतारी सदन के नाम से इस आंगनबाड़ी की डिजाइन और पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूदा दो-तीन कमरों की आंगनबाड़ी से अलग और सुंदर होने वाला है। इस आंगनबाड़ी में बच्चों के खेलने के लिए सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान, गार्डन, इंडोर गेम्स, क्लास रूम और डायनिंग एरिया के अलावा और भी कई सुविधाएं रहेंगी। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बताया कि वे टाटीबंध के बाद 20 वार्डों में महतारी सदन के नाम से 20 आंगनबाड़ियां बनाएंगे। महतारी सदन पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ियों का चिर-परिचित पुराना कांसेप्ट ही बदलकर रख देने वाला है।

श्री मूणत ने बताया कि नए तरह केआंगनबाड़ी यानी महतारी सदन का निर्माण नगर निगम करने जा रहा है। इसकी डिजाइन और डीपीआर तैयार हो चुका है। निर्माण की लागत 68 लाख 80 लाख हजार रुपये आंकी गई है। आंगनबाड़ी भवन में क्लासरूम और डायनिंग हाल से लेकर सभी जगह फ्लोर टाइल्स लगाए जाएंगे। पूरे भवन में स्टील और लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि महतारी भवन का डिजाइन ऐसा होगा कि यह आंगनबाड़ियों को लेकर हमारी-आपकी पूरी सोच को बदलकर रख देगा।

### टाटीबंध वार्ड में प्रोजेक्ट की पहली आंगनबाड़ी बनेगी

बच्चों के लिए खेल मैदान, बगीचा, इंडोर गेम्स सहित अन्य सुविधाएं भी



### यह वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा

# पूर्व मंत्री किशोर ने कहा- राहुल गांधी दोमुंहे, संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं और आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने राहुल गांधी द्वारा अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान यह कहे जाने पर कि वह (राहुल/कांग्रेस) आरक्षण हटा देंगे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि यह वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। दो मुंहे, संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं और आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं।

श्री किशोर ने शनिवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का जमकर दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। नेहरू ने ही 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा, आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। 1966 से 1977 तक, संविधान में 25 बार संशोधन हुए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था, आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की, जो बाबासाहेब के मूल संविधान के खिलाफ था। श्री किशोर ने कहा श्री मोदी के कार्यकाल में संविधान में केवल आठ बार संशोधन हुआ और वह भी यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

### कांग्रेस के जिला एवं विधानसभा प्रभारी करेंगे कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने राजीव भवन में अपने प्रभार क्षेत्र के जिला प्रभारियों और विधानसभा प्रभारी पदाधिकारियों की बैठक लेकर सांगठनिक मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने सभी प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने प्रभार जिलों में पहुंचकर पार्टी तथा पदाधिकारियों के कामों की समीक्षा करें। जोन एवं बूथ स्तर तक के कामों की समीक्षा करें। पार्टी में सभी स्तर पर सक्रिय लोगों का समायोजन हो, यह सुनिश्चित करें। कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ 22 सितंबर से 30 सितंबर तक अपने प्रभार वाले जिलों के दौरे पर रहेंगे। वे 22 सितंबर को महासमुंद, 23 सितंबर को बलौदाबाजार, 24 सितंबर को बेमेतरा, 25 सितंबर को मुंगेली, 26 सितंबर को बिलासपुर शहर तथा 30 को रायपुर ग्रामीण जिलों में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।

## राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखा सदस्यता अभियान का लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के देशभर में चल रहे सदस्यता अभियान की अब तक की प्रगति की समीक्षा शनिवार को नई दिल्ली में की गई।

छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने बैठक में छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान का पूरा लेखा-जोखा राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, सदस्यता अभियान की राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजया राहटकर ने सदस्यता अभियान की अब तक की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा की तथा सदस्यता अभियान को और अधिक तेज गति प्रदान कर निर्धारित अवधि में लक्ष्य अर्जित करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ से प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सदस्यता टोली की सदस्य व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने हिस्सा लिया।






## खबर संक्षेप

### मनीष बने फाडा के नेशनल चेयरमैन



रायपुर। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मनीष राज सिंघानिया को अपने नेशनल एकेडमी एंड रिसर्च के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया है। वे 2022 से 2024 तक फाडा के अध्यक्ष रह चुके हैं और पिछले 15 वर्षों में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। श्री सिंघानिया ने अपने नए कार्य में एकेडमी कस्टमर एक्सपीरियंस इंडेक्स 2.0 के अध्ययन पर जोर दिया है। उनका लक्ष्य ऑटो रिटेल सेक्टर से जुड़ी विविध अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से डीलरों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं के बीच समझ और सहयोग बढ़ाना है।

### खट्टी में स्व. मारुराम निषाद की मूर्ति स्थापित



रायपुर। पितृपक्ष के अवसर पर शिव मंदिर टोलाघाट के समीप ग्राम खट्टी में स्थित गुरुद्वारा के पास शनिवार को कथा पूजा और मूर्ति अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम तीजई बाई निषाद के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर स्व. मारुराम निषाद की मूर्ति की स्थापना की गई। वे उस समय के कार्यकाल में 12 पाली निषाद समाज परिक्षेत्र परसदा के महामंत्री थे। मूर्ति स्थापना के अवसर पर मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि मछुवा कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एमआर निषाद, समाज परसाद के पूर्व अध्यक्ष चिंताराम निषाद, नंदकुमार झाग्गर, विष्णुराम निषाद, मनोहर निषाद आदि शामिल थे।

### सभी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था करे प्रशासन : शिवसेना

रायपुर। तिरुपति मंदिर सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि पूरे देश सहित विश्व की आस्था का केंद्र है, जिसमें अज्ञात लोगों द्वारा लड्डू प्रसादम में मांस की चर्बी मिलाना घोर निंदनीय है। हमारी आस्था पर चोट पहुंचाई गई है, जिस पर प्रशासन को केवल सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई करनी चाहिए और ऐसा कभी न हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। रायपुर शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने शासन-प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अन्य सभी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ आस्था पर होने वाले कुठाराघात को रोका जाए, सुरक्षा व्यवस्था चौकस की जाए, अन्यथा शिवसेना को मजबूर होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में मंदिरों की सुरक्षा के लिए जागरूकता का बीड़ा उठाया जाएगा, ऐसे में किसी भी घटना के लिए प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

# स्टॉक का ट्रैफिक जाम, इसलिए पांच लाख की कार पर 70 हजार और 80 लाख वाली जीप पर 12 लाख का डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर


देशभर में इस समय चारपहिया वाहनों का इतना ज्यादा उत्पादन हो रहा है कि डीलरों के पास तीन लाख से ज्यादा कारों का स्टॉक हो गया है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 15 हजार कारों का अतिरिक्त स्टॉक है। डीलरों के पास कारों का स्टॉक होने के कारण वे कंपनियों से ज्यादा स्टॉक नहीं मंगा रहे हैं,। ऐसे में जहां कंपनियों ने डिस्काउंट का ऑफर खोला है, वहीं डीलर भी अपनी तरफ से डिस्काउंट दे रहे हैं, ताकि उनका स्टॉक समाप्त हो सके। अलग-अलग कंपनियों की कारों में अलग-अलग डिस्काउंट मिल रहा है। हजारों से लेकर लाखों में डिस्काउंट है। पांच लाख की कार में जहां 70 हजार तक डिस्काउंट है, वहीं 80 लाख की जीप में 12 लाख तक का डिस्काउंट है। कारों का जो स्टॉक डीलरों के पास पड़ा है, वह धीरे-धीरे पुराना हो रहा है। ऐसे में कार डीलर हर तरह की कोशिश कर रहे हैं, ताकि पुराना स्टॉक क्लीयर हो सके। इसके लिए कारों में काफी बड़ा डिस्काउंट दिया जा रहा है। मारुति सुजुकी, जीप, हुंडई मोटर इंडिया, होंडा कार्स और टाटा मोटर्स की कारों पर डिस्काउंट ही डिस्काउंट मिल रहा है।

**रायपुर में मारुति के मॉडलों पर इतना डिस्काउंट** : देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इस समय अपने कई मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है। राजधानी रायपुर के मारुति के स्काई शो रूम के मुताबिक 483500 वाली मारुति के-टेन पर 64100 रुपए, 583500 कीमत वाली सेलेरियो पर 61100 रुपए, 521500 वाली एस्प्रेसो पर 64100 रुपए और 599500 वाली वेगानआर पर 61100 रुपए, 649000 वाली स्विफ्ट 43100 रुपए, 834000 वाली एसयूवी कार ब्रेजा पर 30,000 रुपए तक का डिस्काउंट मिल रहा है।

## छत्तीसगढ़ में भी 15 हजार से ज्यादा कारों का स्टॉक

### टाटा के मॉडलों पर इतनी छूट

रायपुर में टाटा की 4.99 लाख वाली टियागो पर 70 हजार, टाटा की 5.99 लाख वाली टिगोर पर 65 हजार, टाटा की 6.49 लाख से प्रारंभ होने वाली अल्ट्रोज में 63 हजार टाटा नेक्सन पर 25 हजार की छूट मिल रही है। वैसे देश के कई राज्यों में टाटा के कई मॉडलों पर एक लाख से एक लाख 12 हजार तक की छूट मिल रही है।



### 15 हजार कारों का स्टॉक ज्यादा

प्रदेश में बीते साल तक चारपहिया वाहनों की चार से साढ़े चार हजार के आस-पास बिक्री हर माह होती थी, लेकिन इस साल से यह आंकड़ा 8 से 9 हजार के आस-पास पहुंच गया है। आमतौर पर डीलर 10 से 15 दिनों का स्टॉक रखते हैं। यानी तीन हजार के आस-पास चार पहिया वाहनों का स्टॉक डीलरों के पास रहता है, लेकिन इस समय डीलरों के पास दो माह का स्टॉक होने के कारण डीलरों के पास करीब 18 हजार कारें हैं जो सामान्य स्टॉक से 15 हजार ज्यादा है।

### किस मॉडल पर कितना बड़ा डिस्काउंट

- जीप ग्रैंड चेरोकी पर 12 लाख
- जीप इंडिया कंपास पर 3.15 लाख
- हुंडई ट्यूसॉन 2023 पर 2 लाख तक
- मारुति ग्रैंड विटारा पर 1 लाख 28 हजार
- टाटा नेक्सन पर एक लाख तक
- टाटा हैरियर पर 1.45 लाख तक
- मारुति के-टेन पर 64 हजार
- हुंडई एक्सटर पर 40 हजार
- हुंडई अल्काजार पर 90 हजार
- होंडा की एलिवेटर पर 80 हजार

## सूरज नगर पीली बिल्डिंग बीएसयूपी कालोनी के बोर का पानी दूषित

# एक ही कालोनी के 5 लोगों को टाइफाइड लभांडी के वाटर एटीएम में मिले कीड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


नगर निगम रायपुर के जोन 9 क्षेत्र स्थित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी इलाके में एक बार फिर पीलिया और टाइफाइड फैल रहा है। गंदा पानी पीने के कारण 5 लोगों को टाइफाइड हुआ है। ये लोग सूरज नगर पीली बिल्डिंग बीएसयूपी कालोनी के निवासी हैं। सूत्रों के मुताबिक बोर का दूषित पानी पीने से ये बीमार हुए हैं। वहीं लभांडी के संकल्प सोसाइटी फेज 2 में टायफाइड के मरीज मिले हैं। रहवासियों का कहना है, लोगों ने वाटर एटीएम का पानी उपयोग किया था। पानी के सैंपल की जांच के लिए भेजी गई रिपोर्ट में टाइफाइड के बैक्टीरिया मिले हैं। रहवासियों का कहना है, नगर निगम के वाटर एटीएम के पानी में कीड़े मिले हैं।



### सीवरेज वाटर गड्ढे में जमा हो रहा, निगम की टीम पहुंची

सूरज नगर बीएसयूपी कालोनी का गंदा पानी और सीवरेज वाटर एक गड्ढे में जाकर जमा हो रहा है। आशंका ये है कि बोरवेल में गंदे पानी का स्त्रोत रिसकर गया होगा। इसी गंदा पानी का उपयोग कालोनी के रहवासी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम की टीम ने प्रभावित इलाके के बोर को सील कर दिया है। अब वहां जोन 9 टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करेगा। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि सूरज नगर बीएसयूपी कालोनी के पीली बिल्डिंग में बोरवेल का दूषित पानी पीने से पीलिया के 5 मरीज मिले हैं। इस बात की जानकारी सीएमएचओ आफिस को दे दी गई है। इनमें से 3 लोगों के स्वास्थ्य जांच व उपचार के बाद ठीक हुए हैं। 2 लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने लोगों से कहा है कि पानी उबाल कर पीयें।

### पानी में मिला बैक्टीरिया



लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों की सेहत दांव पर लगी है। पिछली गर्मी में सीवरेज का गंदा पानी बोरवेल में रिसकर जाने से कालोनी में पीलिया फैलने से हड़कंप मचा। तब नगर निगम के स्वास्थ्य अमले और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आनन-फानन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की। पानी के सैंपल जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया मिला था। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर गंदे पानी के निकासी के लिए अस्थायी कच्ची नाली बनवाई गई और पानी की समस्या दूर करने वाटर एटीएम परिसर में लगाया गया। इस बार नगर निगम द्वारा लभांडी के संकल्प सोसायटी में लगवाये गए वाटर एटीएम में कीड़े मिल रहे हैं। इसकी शिकायत वहां के रहवासी लगातार जोन 9 और निगम मुख्यालय में करते आ रहे हैं। कालोनी वासियों का कहना है कि वाटर एटीएम के पानी का उपयोग वे कर रहे हैं। जिला अस्पताल पंडरी के माइक्रो बायोलॉजी विभाग ने लभांडी के संकल्प सोसायटी फेज 1, फेज 2 वाटर हाउस टैंक और बीएसयूपी कालोनी सूरजनगर के बोर से पानी का सैंपल लिया। सूत्रों के मुताबिक इनमें से फेज 1 और सूरजनगर में ई कोलाई, कॉलीफार्म बैक्टीरिया पाया गया है। वहीं संकल्प फेस 2 के वाटर टैंकर हाउस पानी में साल्मोनेला टाइफी बैक्टीरिया मिला है।

### लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे लभांडी वासी

नगर निगम के जोन 9 स्थित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी के संकल्प सोसायटी और सूरजनगर बीएसयूपी कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है। गंदे पानी के सेवन से आए दिन यहां पीलिया, टाइफाइड और डायरिया के मरीज मिलते रहे हैं। लभांडी इलाके में इसी साल होली त्योहार के दौरान संकल्प सोसायटी में डायरिया से ढाई माह के बच्चे की मौत हो गई थी। डायरिया से 100 से ज्यादा लोग बीमार हुए। इससे पहले 2 लोगों की मौत हो गई ।

### बोरवेल को सील किया है, वाटर एटीएम का फिल्टर चेंज किया है

लभांडी के आदर्श संकल्प सोसायटी के वाटर एटीएम के पानी में कीड़े मिलने के बाद मशीन के फिल्टर को चेंज कर दिया है। टैंकर से इलाके में पानी सप्लाई की जा रही है। सूरजनगर के जिस बोर के पानी में ई कोलाई बैक्टीरिया मिला है, उस बोरवेल को सील कर दिया है। संबंधित बीएसयूपी कालोनी में टैंकर से पानी भेजने की व्यवस्था की है।

*- **संतोष पांडे,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 9*

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी फिर सीधी हुई, एक को ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- युवक फ्लाईओवर से कूदे

शंकर नगर से विधानसभा जाने के मार्ग पर बने फ्लाईओवर में शनिवार को फिल्मी स्टाइल में एक तेज रफ्तार कार के एक्सीडेंट होकर पलटने और सीधी होने के बाद एक युवक को ठोकर मारने की घटना सामने आई है। घटना के बाद कार सवार तीन से चार युवकों ने भीड़ से बचने फ्लाईओवर से कूदकर भागने की कोशिश की, लेकिन इससे अपने आप को चोटिल कर लिया। कार एक्सीडेंट की घटना के बाद फ्लाईओवर में एक घंटे से ज्यादा समय तक ट्रैफिक जाम की स्थिति रही, लेकिन पंडरी तथा खम्हारडीह थाने की पुलिस ऐसी किसी घटना होने से इनकार कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना सुबह सुबह नौ से साढ़े नौ बजे के बीच की है। एक तेज रफ्तार कार शंकर नगर से आते समय फ्लाईओवर मोड़ के पास आई। यहा चालक कार को संभाल नहीं पाया और कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, पलटने के बाद कार सीधी भी हो गई। इस दौरान सामने से आ रहा एक बाइक सवार युवक कार से टकरा गया और उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। लोगों की भीड़ आते देख कार सवार युवक फ्लाईओवर से कूद गए। फ्लाईओवर से कूदने की वजह से कार सवार युवकों को भी चोटें आई हैं।



### मौके पर एंबुलेंस के साथ पुलिस पहुंची

कार एक्सीडेंट होने के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुतबिक घायलों को उपचार कराने ले जाने मौके पर एंबुलेंस पहुंचने के साथ पुलिस टीम भी पहुंची। गौरतलब है कि शंकर नगर फ्लाईओवर खम्हारडीह थाना के साथ पंडरी थाना क्षेत्र में आता है। फ्लाईओवर में कार एक्सीडेंट होने तथा कार सवार युवकों द्वारा फ्लाईओवर से कूदने की किसी तरह की घटना होने की बात से दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस इनकार कर रही है।

### फ्लाईओवर में लगा लंबा जाम

एक्सीडेंट की घटना के बाद फ्लाईओवर में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। लोग एक घंटे से ज्यादा समय तक जाम में फंसे रहे। सुबह लोगों के काम पर जाने का समय रहता है। इस वजह से फ्लाईओवर में लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह रास्ता क्लीयर कराया और दुर्घटनाग्रस्त कार को साथ लेकर गई, तब लोगों को जाम से राहत मिली।

## निधन

### धारा जुमरानी



रायपुर। शिवा एन्क्लेव अमलीडीह निवासी धारा जुमरानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे कैलाश जुमरानी की पत्नी और गिरीश जुमरानी एवं तन्वी जुमरानी की माता थीं।

### सच्चिदानंद देवांगन



रायपुर। चाम्पा के देवांगन मोहल्ला संतोषी मंदिर के पास निवासी सच्चिदानंद देवांगन (45) का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को हसदेव बैरियर के पास पीआईएल बाईपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। वे गौतम देवांगन के ज्येष्ठ पुत्र और आरव देवांगन के पिता थे।

# गृहमंत्री के आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों का आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की अभ्यर्थी पिछले छह वर्षों से मांग कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं करने की वजह से नाराज अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से धरना, प्रदर्शन, आमरण अनशन, भूख हड़ताल कर रहे अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री विजय शर्मा के आश्वासन के बाद शनिवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। गौरतलब है कि परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी और उनके परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। अभ्यर्थी तथा उनके परिजन गृहमंत्री के घर के बाहर पूरी रात धरने पर बैठे रहे। गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे अभ्यर्थी तथा उनके परिजनों को दूसरे दिन सुबह पुलिस जबरन उठाकर बस में भरकर तूता धरना स्थल लेकर गई।

### गृहमंत्री से दूसरी बार मिला आश्वासन

गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पूर्व में भी गृहमंत्री से संपर्क किया था, तब भी गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों को 15 दिन के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन तथा हाईकोर्ट द्वारा तय समय सीमा के बाद भी एसआई भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे थे। अभ्यर्थी शुक्रवार को गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे थे, तब गृहमंत्री स्वयं उनसे मिलने के लिए पहुंचे थे। तब भी अभ्यर्थियों ने मांगें पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की बात कही थी।

## पेज 11 के शेष ...

### विसर्जन कुंड स्थल पर...

स्थापित गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई कराने निगम प्रशासन जुटा हुआ है। जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता की टीम ने विसर्जन कुंड से बांस बल्ली सहित अन्य तरह के ढांचा को निकालने का काम क्रेन व गोताखोरों की मदद से शुरू कराया है। इसके चलते बड़ी मात्रा में मूर्ति विसर्जन के साथ विसर्जित सामग्री कुंड से बाहर निकाली जा रही है। जोन स्तर पर इन सामग्री की नीलामी करने टेंडर होगा।

### करणी सेना के राष्ट्रीय...

गिरफ्तार कर 13 सितंबर को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। रोहित तोमर की गिरफ्तारी की पुष्टि गुढ़ियारी टीआई ने की है। पुलिस के अनुसार शीतलापारा निवासी कारोबारी राजकुमार गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने रोहित तथा उसके मैनेजर योगेश सिन्हा को गिरफ्तार किया है। राजकुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने रोहित से कारोबार के लिए पांच लाख रुपए कर्ज लिया था। राजकुमार ने पुलिस को बताया है कि उसने लिए गए कर्ज के बदले में रोहित को मूल ब्याज सहित 30 लाख रुपए अदा कर चुका है। बावजूद इसके रोहित उस पर बकाया होने का आरोप लगाकर पैसा वसूलने की कोशिश कर रहा था। **बैंक में बंधक सोने के जेवर पर कब्जा** : कारोबारी ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक गन पाइंट पर अपरहरण करने के बाद रोहित ने उसे चंगोराभाठा स्थित एक सूने मकान में ले जाकर बंधक बना मारपीट की। इसके बाद एक कोरा बॉन्ड पेपर में साइन कराने के साथ कोरा चेक पर साइन कराकर उसे छोड़ा। कारोबारी के अनुसार रोहित ने उस पर दबाव डालकर 32 तोला सोना निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया।

### ऑनलाइन हाउस अरेस्ट...

शिकायत दर्ज कराई है। प्रशांत ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने अपने आपको दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर उसके पास सात सितंबर को कॉल कर उसे मनी लाड्रिंग, हत्या, किडनैपिंग, रंगदारी, मानव अंग तस्करी का आरोपी बताकर जेल भेजने की धमकी दी। दो दिन बाद नौ सितंबर को जालसाज ने वाट्सएप के माध्यम से प्रशांत रंजन को मैसेज भेजकर अकाउंट डिटेल देने की बात कहते हुए अकाउंट नंबर, यूपीआई आईडी और प्रशांत से चेक हासिल कर ठगी का शिकार बनाया।

# सिलेंडरों का अवैध कारोबार-भंडारण मामले में गैस एजेंसी और बेकरी फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 25 सितंबर तक अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने के निर्देश

गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार के मामले में जिला प्रशासन ने लक्ष्मी गैस एजेंसी कांदुल तथा अवैध भंडारण कर सिलेंडरों का उपयोग करने पर एक बेकरी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खाद्य विभाग की टीम ने गैस एजेंसी में छापा मारते हुए वहां बड़ी संख्या में घरेलू एवं कमर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी करते पकड़ा था। इसी प्रकार बोरियाखुर्द स्थित न्यू नाइस बेकरी फैक्ट्री में छापा मारते हुए करीब साढ़े तीन सौ गैस सिलेंडर जब्त किए थे। इन दोनों प्रकरण मे विभाग ने अब संचालकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर 25 सितंबर को जवाब के साथ अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है।



खाद्य विभाग की टीम ने 27 अगस्त 2024 को न्यू राइस बेकरी में छापा मारा था। इस दौरान टीम ने यहां से 19 किलो वजन वाले 327 व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इनमें 90 भरे हुए और 181 खाली तथा 56 नोजल से लगे हुए थे। जांच में पता चला कि इस फैक्ट्री में प्रतिदिन औसतन 2 सौ गैस सिलेंडर उपयोग में लाए जाते हैं, जबकि फैक्ट्री संचालक द्वारा 100 किलो से अधिक विस्फोटक रखने की अनुमति भी विभाग से नहीं ली गई है। इसके अलावा फैक्ट्री में सिर्फ दो अग्निशामक यंत्र ही मिले, जिसका नवीनीकरण भी पेश नहीं किया है।

### गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

फैक्ट्री में छापा मार कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने कांदुल स्थित लक्ष्मी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी में दैनिक कुल सिलेंडरों का भंडारण संख्या, आवक संख्या, स्टॉक संख्या एवं पंजीकृत उपभोक्ताओं का विवरण सहित अन्य स्टॉक पंजी मौके पर नहीं पाई गई थी। जांच में वितरण किए गए सिलेंडरों का बिल, वाउचर, स्टोरेज लाइसेंस, अग्निशमन का वैधता प्रमाण पत्र, रेटिंग प्रमाण पत्र भी मौके पर पेश नहीं किए गए। यही नहीं, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एजेंसी को भेजे गए सिलेंडरों की संख्या और एजेंसी के रिकार्ड में अंतर पाया गया। इस तरह इन दोनों मामलों में गैस एजेंसी और फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर 25 सितंबर को अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर के कोर्ट में जवाब के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर संचालकों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाही करने की भी चेतावनी दी गई है।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं क्षितिज देशपाण्डे पिता शशांक देशपाण्डे निवासी सी–5/5,सेक्टर–3, उद्या सोसायटी, टाटीबंध, रायपुर पिन 492001 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम क्षितिज शशांक देसपाण्डे पिता शशांक देशपाण्डे रख लिया हूं अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम क्षितिज शशांक देसपाण्डे पिता शशांक देशपाण्डे से ही जाना पहचाना जावे

**क्षितिज शशांक देसपाण्डे**
सी-5/5,सेक्टर-3, उद्या सोसायटी, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-13 भाठागांव तहसील व जिला-रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 12/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मालती पति स्व. साधुदास द्वारा आवेदित ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-13 भाठागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 266/21 रकबा 0.0260 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 05/09/2024 के परिपालन में दिनांक 26/09/2024 को समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 58 के डंगनिया स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 13 , भाठागांव

**न्यायालय नयाब तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय मे मामला**
**क्रमांकः 202409114800016**
विषयः- अ-6 अ सनः- 2023-2024
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
कुरू (प. ह. न. 00002),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती शोभा दुबे,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शोभा दुबे पिता श्री कमल नारायण जोशी/पति ऋषि दुबे निवासी पंडरीतराई, रायपुर द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत आवेदन पेश किया है कि ग्राम कुरू प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 1068, 1091/1 1392, 1394 का रकबा 3.2520 हे. भूमि आवेदिका के संयुक्त नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका की माता- लौंगतला जोशी पति कमलनारायण की दिनांक 12/11/2010 को फौत होने से वारिसान- शोभा, नंदकुमार, इंद्राणी पिसरान कमलनारायण जोशी का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराया गया था, परन्तु फौती नामांतरण होने के बाद भी आवेदिका के माता- लौंगतला जोशी पति कमलनारायण का नाम ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में अंकित है, जिसके कारण आवेदिका अपनी माता का नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम यथावत रखे जाने बाबत आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07-10-2024 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है, बाद में आये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अशोक कुमार जंघेल
नायब तहसीलदार

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्रीमति शारदा देवी पति श्री सतीश प्रसाद जाति कुर्मी (अन्य पिछड़ा वर्ग ) निवासी - छट घाट मार्ग, प्रसाद किराना स्टोर्स ग्राम - रसमड़ा जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा दिनांक- 18/11/2019 एवं दिनांक - 16/03/2022 को उप पंजीयन कार्यालय रायपुर से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय की गई वाके मौजा- बिरगांव, प.ह.नं.–88, रा.नि.मंडल - रायपुर - 17 - बीरगांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं.-12/27, रकबा 0.0090 हे. एवं 12/31 रकबा 0.0080हे. व्यपर्तित भूमि पर मकान निर्माण करना चाहती है।

अतः उपरोक्त खसरा नम्बर की भूमि पर मकान निर्माण में जिस किसी व्यक्ति, निगम, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय विभाग या साहू कार को आपत्ति हो तो दस्तावेज सहित निचे लिखे पते इस सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ होने के दौरान की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने
दिनांक- 21/09/2024

भवदीय
के.के. चन्द्राकर, कु. अरुणा मिश्रा
(अधिवक्तागण)
पता- गांधी उद्यान के सामने, निगम रोड, बीरगांव, जिला रायपुर छ.ग.
मो. 97538-71812

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# किरणमयी ने कहा- महिलाओं ने जेल में दिखाए बर्बरता और अत्याचार के निशान, सबूत मिटाने का हो रहा प्रयास

## अपनी रिपोर्ट बनाकर राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कवर्धा के लोहारीडीह गांव में हुई आगजनी और हत्याकांड के मामले में दुर्ग जेल में बंद 33 महिला बंदियों से मिलने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक केंद्रीय जेल शनिवार को पहुंचीं। यहां उन्होंने महिला बंदियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया। उनके साथ में एक शासकीय डॉक्टर, पुलिस प्रशासन की ओर से आईयूसीएडब्ल्यू प्रभारी पद्मश्री तंवर और दुर्ग तहसीलदार क्षमा यदु मौजूद थीं। किरणमयी नायक का कहना है कि उनको महिलाओं ने बर्बारता और अत्याचार के निशान दिखाए हैं। जेल में महिलाओं के घावों को भरकर सबूत मिटाने के लिए उनको ऐसी दवाई जी रही है, जिससे निशान जल्द मिट सकें। इस मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर मैं राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया, जेल में 33 महिलाओं को गिरफ्तार कर रखा गया है। इनमें से 30 महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं। महिलाओं को अलग कमरे में ले जाकर वन टू वन उनसे बातचीत की और उन्होंने अपने कपड़े हटाकर अपने घाव दिखाए। इनके साथ बहुत ज्यादा अत्याचार किया गया है। एक लड़की अपने घर तीजा मनाने आई थी, उसको भी पकड़ कर जेल में डाल दिया गया है। रात को घरों में घुसकर महिलाओं को घरों से निकालकर गिरफ्तार किया गया और इनके साथ घरों के अलावा थाने में मारपीट की गई है। उन्होंने बताया, एक महिला को गिरफ्तार कर जेल में लाया गया फिर उसके बेटे की मौत के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया था। यह किस प्रक्रिया के तहत हुआ, इसे जानने की जरूरत है। श्रीमती नायक ने बताया, कई महिलाओं के शरीर पर चोट हैं, जो बता रहे हैं कि उनके साथ में कितनी बर्बरता की गई है। इनमें कई देवरानी जेठानी हैं, तो कई एक ही परिवार की हैं।

### 33 का बयान लिखवाया ढाई घंटे में

श्रीमती नायक ने बताया कि पहले तो हमारी वकील को भी साथ में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन बाद में वकील को अंदर भेजा गया। मैंने अपनी वकील से 33 महिलाओं का बयान लिखवाया है। इसमें करीब ढाई घंटे का समय लगा। साथ में मोबाइल भी नहीं ले जाने दिया गया और महिलाओं के साथ फोटो भी नहीं खींचने दी।



## खबर संक्षेप

### मराठी दिवाली पहाट के लिए ऑडिशन आज

रायपुर। दीपावली लक्ष्मी पूजन से एक दिन पहले 31 अक्टूबर को महाराष्ट्र मंडल में मराठी दीपावली पहाट का आयोजन किया जाना है। इस भक्तिमय सुगम संगीत के कार्यक्रम के माध्यम से महाराष्ट्र मंडल प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने नवोदित गायकों को भजन व सुगम संगीत प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक निरंजन पंडित ने बताया कि यह कार्यक्रम महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद व उनके पाल्यों के लिए है। आयु का कोई बंधन नहीं है। ऑडिशन चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में ही शाम 4 बजे होगा। इच्छुक गायक यथाशीघ्र महाराष्ट्र मंडल में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### खेमबाई को पीएचडी



रायपुर। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने अवंति विहार तेलीबांधा निवास खेमबाई साहू को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय महादेवी वर्मा के गद्य साहित्य में वैचारिक संघर्ष : एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोध रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने इस उपाधि का श्रेय हिंदी विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक, परिजन, सहयोगियों और मित्रों को दिया है।

### स्किन रोग जांच शिविर में 250 मरीजों ने कराई जांच



रायपुर। वी कैन फाउंडेशन की ओर से शनिवार को निशुल्क स्किन रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 250 के करीब लोगों ने पहुंचकर जांच शिविर का लाभ उठाया। यह शिविर स्व. ममता शुक्ला की स्मृति में लगाया गया। शिविर में डॉ. के. रवि राव (एमबीबीएस, एमडी) (वीडीएल) ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। जांच शिविर में मुंहासे एवं दाग धब्बे, नाखून के रोग, सफेद दाग एवं ल्यूकोडर्मा, कुष्ठ रोग, समस्त प्रकार के रतीज रोग, पुराना एक्जिमा एवं एलर्जी, कॉस्मेटिक सर्जरी, बालों के रोगों का संपूर्ण इलाज, त्वचा एवं चेहरे में चमक लाना, शरीर में खुजली या दाद, बच्चों के त्वचा संबंधी उपचार, सोरियासिस का जांच एवं उपचार किया गया। जांच शिविर में पहुंचे निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि प्रदूषण और खानपान की वजह से आज अन्य बीमारियों के साथ त्वचा संबंधी रोगों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए इनसे बचने के लिए हर छह महीने में शरीर की जांच जरूर करानी चाहिए। इस संबंध में फाउंडेशन के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि आज पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है। ऐसे में स्किन की देखभाल करना जरूरी हो गया है। शिविर में प्रीति उपाध्याय, अरुण शुक्ला, सुरेश मिश्रा, अरविंद शर्मा समेत नागरिक मौजूद रहे।

## महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा

# नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 को, एक घंटे का होगा प्रश्नकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। सामान्य सभा की बैठक में इस बार 32 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के कार्यकाल की यह अंतिम सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष शहरी सरकार को घेरने की तैयारी में है। सामान्य सभा शुरू होने से पहले 1 घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसके लिए आधा दर्जन पार्षदों ने शहर विकास से जुड़े विषयों पर दर्जनभर प्रश्न लगाए हैं।

सामान्य सभा की बैठक में शास्त्री बाजार के नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर की दुकानों के आवंटन, गांधी मैदान के कांजी हाउस परिसर में निर्मित दुकानों के लीज नवीनीकरण का मुद्दा गरमाएगा। विपक्ष इस एजेंडे में नगर निगम की भूमिका पर सवाल उठाने के मूड में है। यही नहीं, निगम मुख्यालय के पास बनाई गई 3 दुकानों के औचित्य और इसके निर्माण को लेकर शहरी सरकार सवालों के घेरे में आ सकती है। विदित हो, गांधी सदन वाले मार्ग में नगर निगम द्वारा 3 नई दुकानें 2 साल पूर्व बनवाई गईं। यह दुकानें किस हिसाब से बनाई गईं, कैसे बनी, इस पर सवाल उठाये जाएंगे।

- परिषद को जनहित के मुद्दों पर सदन में घेरने विपक्ष रणनीति बनाने में जुटा
- हंगामेदार होगी बैठक, 2 दिन सभा चलने के आसार, 32 एजेंडे




### 10 ई बस की राशि मद परिवर्तन पर हो सकता है हंगामा

नगर निगम द्वारा 10 ई बसों की खरीदी और चार्जिंग स्टेशन के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 12 करोड़ की राशि का मद परिवर्तन कर दूसरे कार्यों में खर्च किये जाने को लेकर सवाल उठ सकते हैं। ई बस खरीदी के प्रस्ताव को नगर निगम ने हाल ही में निरस्त कर दिया था। नगर निगम को इस मद में मिली 12 करोड़ की राशि अन्य कार्यों में खर्च की जाएगी।

### रोड स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाने पर सवालों की लगेगी झड़ी

शहर की प्रमुख सड़कों से धूल हटाने अभी तक 86 किलोमीटर के चिन्हांकित सड़क की सफाई मेकैनाइज्ड तरीके से रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही है। इस मशीन का दायरा नया रूट के साथ 66 किलोमीटर और बढ़ाने का प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होनी है। विपक्ष इस मुद्दे पर सवाल उठा सकता है कि पूर्व में रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही सफाई से क्या शहर की धूल कम हुई? शहरवासी क्या इससे संतुष्ट हैं, इसकी कोई रिपोर्ट तैयार हुई है या नहीं, इसका जवाब शहरी सरकार को सदन में देना पड़ सकता है। इसके साथ नामकरण, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

### प्रश्नकाल में पार्षद ने लगाए प्रश्न

**सूर्यकांत राठौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष**

- मोनो रेल परिवहन के लिए मास्को सरकार के साथ महापौर ने एमओयू किया है : मेयर की यात्रा सरकारी है या निजी?
- नगर निगम अधिनियम के तहत किस धारा में विदेश में एमओयू का अधिकार है, यदि हां तो किसे?
- महापौर द्वारा एमओयू किये जाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार से अनुमति की आवश्यकता है क्या? यदि हां तो क्या अनुमति ली गयी है?
- रायपुर से दुर्ग के बीच मोनो रेल परिचालन में कुम्हारी, चरौदा, भिलाई व दुर्ग नगरीय निकाय क्षेत्र आते हैं, इन नगरीय निकाय क्षेत्र से विधिवत अनुमति ली गई है, क्या?
- अमृत मिशन योजना में किन-किन वार्डों में कार्य किया गया है कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी दें? योजना के तहत किन घरों एवं व्यवसायिक परिसर में पानी दिया जायेगा। उसका समय कितना होगा? योजना के तहत मीटर के माध्यम से जल प्रदाय होगा प्रति यूनिट की इसकी दर क्या होगी?

# भूपेश ने कहा- लोहारीडीह मामले में जेल में बंद सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, लोहारीडीह गांव में तीन-तीन हत्या होने की घटना आपसी रंजिश में और पुलिस मारपीट में प्रशांत साहू की हत्या ये तीन मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। जेल में बंद जो कैदी हैं, उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया है। वे न बैठ पा रहे हैं, न चल पा रहे हैं। जो महिला जेल में बंद हैं या जो कवर्धा जेल में बंद पुरुष हैं, उन सबकी मेडिकल जांच के बाद न्यायिक जांच होना चाहिए।



इसमें एसडीएम अपने कलेक्टर के खिलाफ, अपने एसपी और सीनियर अफसर के खिलाफ क्या जांच करेगा? इसमें न्यायिक जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे लेकर बंद का अव्हान किया था और बहुत सफल रहा। जो संदेश देना था, वो सफल रहा। जनता तक के लिये और सरकार के लिये। श्री बघेल ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, घटना के बाद एसपी, कलेक्टर, डीएसपी को हटाया गया और रेंगाखार थाना से पूरे स्टाफ को बदल दिया गया। सरकार पहले इसे आत्महत्या की घटना बता रही थी। अब सरकार ने स्वीकार कर लिया कि ये उसकी नाकामी है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने कवर्धा और दुर्ग जेल में लोहारीडीह के लोगों से मुलाकात करने भी आवेदन लगाया, पर उनसे मिलने से रोक दिया गया।

### जेल में बंद लोगों के शरीर पर चोट के निशान

श्री बघेल ने कहा, प्रशांत साहू की जो मां है और उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में जो मार पड़ी है और उसके दोनो भाई के शरीर में चोटो के निशान हैं। उन्होंने बताया कि लोहारीडीह के जो लोग गिरफ्तार हुये हैं, उनकी स्थिति भी इसी प्रकार से सभी के शरीर पर चोट के निशान हैं, कोई खून की उल्टी कर रहा है, कोई चल नहीं पा रहा है, कोई उठ बैठ नहीं पा रहा है, कोई खा पी नहीं पा रहा है, ये स्थिति बनी हुयी है। सबसे पहले मेरी डिमांड है कि लोहारीडीह के जो लोग जेल में बंद हैं, उनको अस्पताल में भर्ती करायें और उन सभी के पूरे शरीर की जांच करायें।

### 50-50 लाख के मुआवजे की मांग

उन्होंने बताया कि मृतक प्रशांत साहू की पत्नी की पहले से मृत्यु हो चुकी है। पांचो बच्चे घर में हैं उनकी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार थी, तब भाजपा के लोग 50-50 लाख की मांग करते थे, तो इनके परिवार को भी 50-50 लाख रुपया दिया जाये।

## निजी होटल में जीवन बीमा निगम की अवार्ड सेरेमनी

# एलआईसी अभिकर्ता विजय चांडक को मिला लिम्रा क्वालिटी अवार्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम को क्वालिटी बिजनेस देने वाले वरिष्ठ अभिकर्ता विजय कुमार चांडक को लाइफ इंश्योरेंस मार्केटिंग एंड रिसर्च एसोसिशन (लिम्रा) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राजधानी के निजी होटल में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में एलआईसी के अधिकारियों के साथ तीन सौ से ज्यादा अभिकर्ता शामिल हुए।

शनिवार को आयोजित सम्मेलन में जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (एमपी-सीजी) बी. मांझी, रीजनल मैनेजर मार्केटिंग जीके जैना, एलआईसी रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार उपस्थित थे। इस दौरान लिम्रा मोटिवेशनल स्पीकर धीरज मल्होत्रा ने मौजूद अभिकर्ताओं को प्रेरक उद्बोधन दिया। लिम्रा का सम्मान पाने वाले विजय चांडक एलआईसी के 35 साल पुराने अभिकर्ता हैं, वे कार्पोरेट क्लब ऑफ दी राउंड टेबल तथा एमडीआरटी (यूएसए) के सदस्य हैं। उन्हें अब तक कोर्ट ऑफ टेबल का 18 और टॉप द टेबल का 7 बार सम्मान मिल चुका है। वे एलआईसी अभिकर्ताओं के मोटिवेशनल स्पीकर की भूमिका भी निभाते हैं। लिम्रा का अवार्ड वर्ष 1960 से क्वालिटी बिजनेस के लिए प्रदान किया जा जाता है।

## हड़ताली कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं

# धरने पर बैठे दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी सांपों से परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरना प्रदर्शन के लिए नया रायपुर स्थित तूता में नया धरना स्थल तो बना दिया गया है, लेकिन वहां अभी भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। धरना स्थल के आसपास जंगली झाड़ियों की सफाई नहीं होने की वजह से सांप के साथ कई प्रकार के जहरीले कीड़े धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। नियमितीकरण की मांग कर रहे एक दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी को सांप डसने की घटना के बाद धरना स्थल पर एक करैत सांप घुस आया था। करैत सांप की चपेट में आने से एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया। मौके पर उपस्थित हड़ताली कर्मचारियों ने सांप को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, गिरधर जैन, अरविंद वर्मा के मुताबिक धरना स्थल पर टायलेट के साथ पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था नहीं है। टायलेट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से महिला प्रदर्शनकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने प्रशासन पर अव्यवस्था दूर करने किसी तरह से सुध नहीं लेने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डेढ़ माह से तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है।

# आत्म सम्मान-स्वाभिमान जगाओ यात्रा का 24 से बसपा सोनाखान से करेगी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बहुजन समाज पार्टी 24 सितंबर से सोना खान-गिरौधपुरी से जनजाति, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बचाओ, आत्म-सम्मान और स्वाभिमान जगाओ यात्रा निकालने वाली है। इसका समापन 9 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में होगा। यहां उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद व बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामजी गौतम मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय स्टेट समन्वयक एवं प्रदेश प्रभारी एडएनपी अहिरवार, दाऊराम रत्नाकर होंगे। पत्रकारों को यह जानकारी शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने दी। छत्तीसगढ़ में बसपा को मजबूती देने वाले संतोष मार्कण्डे, सूरज तांडी ने बताया कि यात्रा की शुरुआज 24 सितंबर को सुबह 10 बजे सोनाखान गिरौधपुरी से बाबा घासीदास के जैतखंभ को नमन करते हुए निकाली जाएगी। यह यात्रा 15 दिनों तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जाएगी और लोगों को आत्म सम्मान व उनके स्वाभिमान के लिए खतरा बन रही सोच की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्याम टंडन ने बताया कि 10 जून को बलौदाबाजार में जो घटना हुई, उसमें निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेजा गया है। उनकी निःशर्त रिहाई की जाएगी। साथ ही हसदेव अरण्य में कटाई पर रोक एवं पूरे प्रदेश में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार और शोषण को बंद करने सहित सात सूत्रीय मांगें दोहराई जाएंगी। कबीरधाम के लोहारीडीह में हुई घटना निंदनीय है, सरकार वहां तत्काल शांति बहाल करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

- सात सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर में चलाएगी अभियान



### बेटी के साथ क्रूरता, पत्नी के खिलाफ एफआईआर

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए लोहे की आयरन से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, एसबीआई शांतिनगर बैंक में मैनेजर विजय मिश्रा ने अपनी पत्नी सपना के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# फेडरेशन की 27 से कलमबंद हड़ताल प्रदेश शिक्षक महासंघ ने किया समर्थन

रायपुर। प्रदेश शिक्षक महासंघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 27 सितंबर को आयोजित कलमबंद हड़ताल का समर्थन किया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी कहा है, संघ से जुड़े सभी जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष और पदाधिकारी तथा सदस्य 27 सितंबर के प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होंगे। आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि सामूहिक अवकाश लेकर प्रदेश शिक्षक महासंघ इसमें अपना पूरा समर्थन करेगा।

दरअसल, भाजपा घोषणापत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान देय दिनांक से 4 फीसदी महंगाई भत्ता दिए जाने, जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ता के एरियर्स की राशि दिए जाने और चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता , अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिये जाने की मांग को लेकर 27 सितंबर को प्रदेश के लाखों कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

नि:संतान दम्पत्ति ध्यान दे
• 32 वर्षों से लगातार IVF, IUI, ICSI, IMSI पद्धति द्वारा नि:संतान दंपतियों का माँ बनने का सपना हुआ साकार।
• अनगिनत बांझपन रोगियों को संतान की प्राप्ति हुई।
• लिमका बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दो बार नाम दर्ज हुआ।
• नई उन्नत तकनीक के साथ उच्च गुणवत्ता वाला उपचार
• कम से कम खर्च में सभी चिकित्सा (IVF) उपलब्ध।
आज ही परामर्श ले
अशोका एडवांस्ड आईवीएफ अस्पताल
पंडरी, मंडी गेट स्थित, रायपुर
9630196021, 9425503700

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 13 नवंबर 2024, 28 नवंबर 2024, 19 दिसंबर 2024, 10 जनवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
23 जनवरी से 04 फरवरी 2025
20 फरवरी से 04 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखर (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 22 सितंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 शहर में तारापीठ व उत्तराखंड शक्तिपीठ ....

## लाइव इवेंट

## 'स्वर्णिम धरोहर लता' 28 को सजेगी सुरीले गीतों की सांझ



**रायपुर।** लता मंगेशकर फैंस क्लब रायपुर द्वारा "स्वर्णिम धरोहर लता" कार्यक्रम का आयोजन पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में 28 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें स्वर कोकिला द्वारा स्वरबद्ध सुरीले गीतों की संगीतमय प्रस्तुति का आनंद संगीत प्रेमी उठा पाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6.30 बजे से होगी। लता मंगेशकर फैंस क्लब रायपुर के संरक्षक मनोज शर्मा ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि लता मंगेशकर फैंस क्लब रायपुर द्वारा स्वर कोकिला और भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर के 96वें जन्मदिवस के अवसर पर "स्वर्णिम धरोहर लता" कार्यक्रम का आयोजन 28 सितंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गायक सौम्योजीत और पियानो वादक सौरेंद्रो अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ की मशहूर युवा द्रुत बैंड द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

**मेडिकल कॉलेज अटलबिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम**

### ये रहेंगे उपस्थित

*कार्यक्रम में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ बीएसएफ सतीश एस. खंडारे, इंस्पेक्टर जनरल बीएसएफ अशोक झा, रिटायर्ड इंस्पेक्टर जनरल बीएसएफ अखिलेश्वर सिंह, छत्तीसगढ़ एंड ओडिशा सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल बीएसएफ संजय यादव, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर के चीफ एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर हरेंद्रनाथ त्रिपाठी, कुलपति, रविवि सच्चिदानंद शुक्ल, आईपीएस डॉ. अभिषेक पल्लव सहित अन्य गणमान्य लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।*

### दृष्टिहीन विद्यालय की छात्राओं ने दी भजनों की प्रस्तुति, गणेश स्तुति से शुभारंभ

# हर असुर में देवत्व की संभावना होती है, भूमि पर हल से खींची गई रेखा है 'सीता' का स्वरूप

**कोमलता और कृतज्ञता भाव मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने में मदद करता है...तुम तेजस्वी बनो, लेकिन मधुरता के साथ...यह संदेश एकल अभिनय कर रही कलाकार द्वारा दिया गया। रोटरी क्लब ऑफ क्वींस द्वारा मैक सभागार में 'सीता' मोनोड्रामा का आयोजन किया गया, जिसमें अंजना चांडक द्वारा एकल अभिनय की प्रस्तुति की गई। मोनोड्रामा के दौरान माता सीता के जीवन पर आधारित कई बिंदुओं को बताया गया, जिसमें अंजना माता सीता के किरदार में रहीं।**

**रायपुर।** मुख्य रूप से अभिनय में माता सीता के स्वभाव व विचारों की प्रस्तुति दी गई। हरिभूमि से चर्चा के दौरान अंजना चांडक ने एकल अभिनय संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि वाल्मीकि रामायण पर आधारित माता सीता की भूमिका को दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें मां सीता के जन्म से लेकर पुनः प्रकृति में लौटने की कहानी को दर्शाया गया। मां सीता को प्रकृति की बेटी के रूप में जाना जाता है, जो सभी जीव-जंतु व वृक्षों से भी प्रेम करती थी। अभिनय की शुरुआत मां सीता के बचपन की कहानियों से की गई। अभिनय सीता के जीवन पर आधारित रही, जिसमें जन्म, विवाह, 14 वर्ष का वनवास, वन्य जीवन, रावण द्वारा हरण, अशोक वाटिका, अग्नि परीक्षा व पुनः प्रकृति के पास जाने के विषयों पर मंचन किया गया।





### जरूरतमंदों की मदद ही मुख्य उद्देश्य

रोटरी क्लब ऑफ क्वींस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक दर्शकों की संख्या सभागार में देखने को मिली। क्लब की चेयरपर्सन वसुंधरा मंधाना ने बताया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। कार्यक्रम में शामिल सभी दर्शकों द्वारा एकत्र राशि को बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों के स्वास्थ्य व जरूरतमंद लोगों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोग में लाया जाएगा। एक दिवसीय कार्यक्रम में शालिनी चौधरी, निशी अग्रवाल, धृति दवे, मनप्रीत कौर वालिया द्वारा आयोजन का संचालन किया गया।

### एकल अभिनय का सारांश

प्रस्तुति में प्रेम व समर्पण की कहानी को बताया गया, जिसमें श्री राम संग कदम से कदम मिलाकर चलने वाली मां सीता को दर्शाया गया। किसी भी समस्या को ठीक करने की सोच व बुराई में अच्छाई की तलाश करने का स्वभाव सीता का है। प्रस्तुति के दौरान कलाकार ने मां सीता का किरदार निभाया, जिसमें वे माता सीता के विचार व भावनाओं को व्यक्त करती नजर आईं। 'मां सीता को समझना सरल है, भूमि पर हल द्वारा खींची गई रेखा सीता है।'



### माता सीता के मनोभाव पर आधारित अभिनय

पिता जनक के संस्कार व स्नेह पर आधारित अभिनय के दौरान दर्शक भावुक नजर आए। अभिनय में कहा, मेरे बाबा जनक ने पुत्र व पुत्री पर कभी भेद नहीं किया। उन्होंने मुझे शस्त्र, शास्त्र, वेद, पुराण, संस्कार की शिक्षा दी। एकल प्रस्तुति के दौरान सीता के मनोभाव को शब्दों में व्यक्त किया गया। एक घंटे की प्रस्तुति में दर्शक गंभीरता से अभिनय का आनंद लेते नजर आए, जिसमें नारी शक्ति, प्रेम, करुणा, दया भाव व मां सीता के संस्कारों की बात कही गई। मिथिला के राजा जनक व उनके त्याग को अभिनय में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में कलाकार ने खूब तालियां बटोरीं।

### राम भजनों पर झूमे दर्शक

एकदंताय वक्रतुण्डाय गौरीतनयाय धीमहि....भगवान गणेश की स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे...जनम-जनम के खोज बताए...कार्यक्रम में लगातार भजनों की प्रस्तुति दी गई। दृष्टिहीन विद्यालय से शामिल छात्राओं की प्रस्तुति के दौरान लगातार तालियों की गूंज सभागार में सुनने को मिली। भजन में 6 छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। छात्राओं ने बताया, बीते एक माह से निरंतर अभ्यास से प्रस्तुति को तैयार किया गया, जिसके लिए विद्यालय के प्रशिक्षकों द्वारा सहयोग किया गया।

## सिटी इवेंट

## स्टूडेंट्स को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ सड़क पर खड़े होने का बताया तरीका



**रायपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को ट्रैफिक नियमों की क्लासेस ली गई। सामाजिक संस्था सुरक्षित भवः फाउंडेशन व रायपुर ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को सड़क मार्ग इस्तेमाल करने में सावधानियां एवं दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट की अनिवार्यता व लाइसेंस बनवाने की महत्ता और प्रक्रिया को लेकर ट्रैफिक मंत्र टीके भोई ने सड़क मार्ग पर अनुशासन की महत्ता को समझाया। परिवहन विभाग द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में राज्य सरकार और राष्ट्र कानून से संबंधित नियमों की जानकारी दी।

### बच्चों को बांटे निशुल्क इमरजेंसी कार्ड

सुरक्षित भवः फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संदीप धुप्पड़ ने बच्चों व वहां उपस्थित अध्यापकों में इमरजेंसी कार्ड निशुल्क बांटा गया। इस कार्ड की महत्व बताते हुए कहा कि कोई भी दुर्घटना बताकर नहीं होती और ऐसे समय में यह कार्ड किसी भी सड़क दुर्घटना के दौरान काफी उपयोगी साबित हो सकता है, जिससे दुर्घटना उपरांत यह कार्ड पर लिखे गए मोबाइल नंबर पर तत्काल सूचित कर घरवालों को सूचित एवं बुलवाया जा सकता है, ताकि उनका सही समय पर इलाज शुरू हो सके। सड़क पर चलना एवं किसी भी सार्वजनिक जगह पर खड़े होने का सही तरीका बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रगति कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती नायर व संस्था के मेंबर्स विजय, प्रदीप, पुरुषोत्तम एवं पल्लवी यादव शामिल रहे।

## चंद्रशेखर चकोर की पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निवासी चंद्रशेखर चकोर की लिखी पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुई है। यह किताब छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक खेल विधा के लिए शोधग्रंथ के रूप में देखी जाती है। अनेकों लोक खेलों के संग्रह के लिए इस किताब को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है। वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट 20 सितंबर को खेलमंत्री टंकराम वर्मा के निवास में उनके समक्ष गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा द्वारा इस पुस्तक के लेखक चंद्रशेखर चकोर को प्रदान किया। यह जानकारी लोक खेल एसोसिएशन के सचिव घनश्याम वर्मा ने देते हुए बताया कि चंद्रशेखर चकोर ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने लोक खेल उन्नयन के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से कार्य करते हुए विभिन्न जिलों में नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। लोक जीवन में प्रचलित अनेको पारंपरिक लोक खेलों की विस्तृत सचित्र संपूर्ण जानकारियों को एक किताब में लिखकर संग्रहित करने का अतिमहत्वपूर्ण कार्य बखूबी किया है। इस अवसर पर लोक खेल एसोसिएशन के पदाधिकारी शिव चंद्राकर, परमेश्वर कोसे, यकीश बंछोर, जयंत साहू, नारायण सिंह वर्मा, मितलेश निषाद, शैलेंद्र वर्मा व जितेंद्र साहू उपस्थित थे।



## वेलकम पार्टी में बॉलीवुड सांग पर जमकर थिरके सीनियर-जूनियर, छॉलीवुड स्टार ने जमाया रंग

**रायपुर।** शहर के कॉलेजों में विभिन्न संकायों में प्रवेश का सिलसिला खत्म होने के बाद अब नवप्रवेशी स्टूडेंट्स के लिए वेलकम पार्टी भी होने लगी है। शनिवार को राष्ट्रीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित श्रीमती पीजी डागा कन्या महाविद्यालय में सुबह 9 बजे से तैयारी का दौर तेज हुआ। जैसे-जैसे अतिथियों के आने का समय नजदीक आ रहा था, कॉलेज प्रबंधन से जुड़े लोग छात्राओं की बैठक व्यवस्था के साथ ही मंच को सजाने में जुटे रहे। यहां गीत-संगीत के बीच वेलकम करने का क्रम अतिथियों के स्वागत के बाद शुरू हुआ। इसमें समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, गोकुल दास डागा, गोवर्धन डागा, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, हरिवल्लभ अग्रवाल, रामअवतार तिवारी ने फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी की अगवाई करने के बाद उन्हें मंच दिया। मंच पर आते ही उन्होंने गीत-संगीत के साथ ही डांस करते हुए धूम मचाई।



### छात्राओं के आग्रह पर किया डांस

कई चर्चित फिल्मों में काम करने वाले छालीवुड कलाकार प्रकाश अवस्थी के मंच पर आते ही दर्शक दीर्घा में मौजूद छात्राओं ने उनके फिल्मों के कई गानों पर डांस के लिए अपील की। इसे देखते हुए प्रकाश मंच से उतरे और छात्राओं के बीच पहुंचे। जहां कई गानों पर डांस भी किया। इसके बाद दर्शक दीर्घा में बैठक छात्राओं का नृत्य भी देखा और उनकी मेहनत के लिए सराहना की। इसके बाद छात्राएं ही नहीं, बल्कि शिक्षिकाओं ने भी प्रकाश के साथ ग्रुप फोटो खिचवाने के लिए आग्रह किया। प्रोग्राम के अंत में फोटो सेशन का सिलसिला भी चला।

## ना रहें दूसरों पर आश्रित, इसलिए महिलाओं ने बनवाए कृत्रिम अंग



**रायपुर।** इनरव्हील क्लब ग्रेटर द्वारा 'डिस्ट्रिक ऑफिसियल विजिट' का आयोजन कलर्स मॉल में किया गया। इस दौरान कृत्रिम अंग जरूरतमंदों को वितरित किए गए। क्लब की अध्यक्ष पूजा जैन ने बताया, आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद लोगों की मदद करना है। वितरण के लिए जयपुर से कृत्रिम अंग मंगाए गए, जो पूरे भारत में केवल एक स्थान पर तैयार किया जाता है। इससे व्यक्तियों को समान्य व्यक्तियों की तरह विभिन्न कार्य करने में मदद मिलेगी। संध्यारानी मिश्रा ने कहा, दुर्घटना व बीमारी के कारण पैर खोने के बाद व्यक्तियों को अपने समान्य कार्यों के लिए भी दूसरों पर आश्रित होना पड़ता है। लेकिन कृत्रिम अंगों से उन्हें कार्यों में सुविधा होगी। शीला गुप्ता, सुषमा अग्रवाल, संगीता गोयल, रुचिता राव, अल्का गुप्ता, नम्रता दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पैनल चर्चा में इंटीरियर डिजाइन व आधुनिकता पर दिया व्याख्यान

# पुराने कपड़ों को स्टूडेंट्स ने दिया डिजाइनर लुक, मिट्टी से सिखाया क्ले आर्ट, अब टेराकोटा से तैयार करेंगे आकृति

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन इंटीरियर डिजाइनर्स चैप्टर द्वारा 'यंग डिजाइनर्स फेस्टिवल' का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में शहर के 12 संस्थानों के विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए। इसमें आईएनआईएफडी, मैक, कलिंगा यूनिवर्सिटी, एस्थेटिक इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, एनआईटी, आफ्ट, मैथ्स यूनिवर्सिटी सहित अन्य संस्थानों से पांच सौ से अधिक विद्यार्थी व प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन आईआईआईडी के चेयरमैन अतुल देशपांडे, चेयरमैन लोकेश चंद्राकर, आईपीसी शिल्पी सोनार, सचिव रुचि सेठ, कोषाध्यक्ष हितेश ओसवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में 'इंटीरियर डिजाइन के लिए सोशल मीडिया ट्रेंड्स' पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रियंका ठाकर, सौरभ जैन, ऋदुल शर्मा, अपूर्व बैद, संचित सेठी व्याख्याता के रूप में उपस्थित रहे। चर्चा में आधुनिकता के दौर में इंटीरियर डिजाइन और सोशल मीडिया के प्रभाव पर जोर दिया गया, जिसमें सोशल मीडिया से आर्किटेक्ट कार्य में वृद्धि होने पर संबोधन किया गया। आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र फोटोग्राफी, आर्ट, क्ले, रंग वीविंग, लाइटिंग वर्कशॉप रहा। देर शाम तक आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से शामिल छात्रों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी।



### सादे कपड़ों को डिजाइनर लुक

प्रशिक्षक प्रियंका ठाकर ने बताया, पेरिडोलिया मनोविज्ञान का महत्वपूर्ण संप्रत्यय है, जिसमे व्यक्ति को अपने मन के भावों के अनुरूप आकृतियां दिखाई देती हैं, जो वास्तव में मौजूद नहीं होतीं। वर्कशॉप में वेस्ट से बेस्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पुराने कपड़ों को नया लुक देने का प्रयास किया गया। एक घंटे की कार्यशाला में छात्रों के साथ प्रोफेसरों ने भी हिस्सा लिया। कपड़े सजाने के लिए स्टोन, धागा, पेंट व अन्य वेस्ट वस्तुओं का प्रयोग किया गया। इस दौरान विद्यार्थी मनपसंद चित्र, इमोजी, हैंडप्रिंट व ग्रीनरी कपड़े पर बनाते नजर आए।

### टेराकोटा मिट्टी से क्ले आर्ट

क्ले आर्ट की प्रशिक्षक खुशबू सरावगी ने टेराकोटा मिट्टी से आकृति तैयार करने का प्रशिक्षण दिया, जिसमे मिट्टी का महत्व व गुणवत्ता बताने का प्रयास किया गया। कार्यशाला की शुरुआत टेराकोटा मिट्टी से विभिन्न आकृति तैयार करने से हुई। इस दौरान प्रतिभागियों को मिट्टी पर डिजाइन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के अंत में मिट्टी के बर्तन तोड़ने का आदेश दिया गया, जो प्रतिभागियों के लिए दुखद रहा। सरावगी ने कहा, इसे तोड़ने के बाद आप नई शुरुआत कर सकते हैं। इसे दुबारा अपनी मनपसंद आकृति व डिजाइन के साथ सजा सकते हैं। जीवन में कुछ नया करने व सीखने के लिए दुबारा शुरुआत करने की जरूरत होती है। इस क्ले आर्ट वर्कशॉप का उद्देश्य नई शुरुआत से है।



## धर्म लाइव

# दूधाधारी मठ के गांव पिपरौद में बालाजी के बाड़े का होगा कायाकल्प



रायपुर। गुरुदेव राजेश्री महंत वैष्णव दास महाराज को इस गांव से बहुत लगाव था। उन्होंने शिक्षा के विकास का काम यहीं से शुरू किया। इसके बाद रायपुर में संस्कृत महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय और अभनपुर में हाईस्कूल जैसी कई शैक्षणिक संस्थाओं को शुरू किया। यह बात महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने श्री दूधाधारी मठ के गांव पिपरौद में स्वामी बालाजी भगवान के बाड़े का जीर्णोद्धार करने भूमिपूजन के बाद कहीं। उन्होंने कहा, हम सब सौभाग्यशाली हैं कि यहां बाड़ा निर्माण के लिए आयोजित भूमिपूजन में साक्षी बनने का सौभाग्य मिला है। पता नहीं किस पुण्यात्मा ने यहां बाड़ा का निर्माण किया था, जो प्राचीन होने से जीर्ण-शीर्ण हो चुका है।

### सुख-दुख में काम आएगा बाड़ा

उन्होंने कहा, इसका कायाकल्प होने से यह ग्रामवासियों के सुख-दुख में काम आएगा। राजेश्री महंत लक्ष्मण दास महाराज आज पितर आए हैं, उनकी स्मृति में भूमिपूजन हुआ है। हमें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि उनके आशीर्वाद से यह निर्माण जल्द पूरा होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विजय पाली, मठ के मुख्तियार रामछबि दास, श्री गोस्वामी महाराज, रतन साहू, रामप्रिय दास, प्रवेश नारायण शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद थे। भीष्मा, ओमप्रकाश यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास ने भी आयोजन को सफल बनाने की जिम्मेदारी निभाई।

## आराधना

# व्यक्तित्व विकास पर आज जैन मुनि करेंगे चर्चा, बताएंगे जीवन में नवग्रहों का प्रभाव

रायपुर। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 22 सितंबर को लाल गंगा पटवा भवन टैगोर नगर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आध्यात्मिक ज्ञान, व्यावहारिक जीवन कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम होगा, जिसमें व्यक्तित्व और कॅरियर विकास से जुड़ी विभिन्न चर्चाओं और सत्रों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा मुनि सुधाकर कुमारजी का प्रवचन, जिसमें वे जीवन को सफल और सुखद बनाने के गूढ़ मार्गदर्शन देंगे। मुनि ये बताएंगे कि कैसे हमारे जीवन में नवग्रहों का प्रभाव पड़ता है और मंत्रों के माध्यम से इन ग्रहों के प्रभाव को कैसे सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। वे यह भी बताएंगे कि हमारी आदतें और व्यवहार कैसे हमारे नवग्रहों पर प्रतिकूल या अनुकूल प्रभाव डालते हैं और हम अपनी कुंडली के ग्रहों के प्रभाव को कैसे बदल सकते हैं।

### राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे। विशेष अतिथि मार्वल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर निदेशक प्रवीण जैन होंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सुश्री निहारिका सिंह और चिराग पामेचा द्वारा प्रेरणादायक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। निहारिका सिंह लिव योर इम्पॉसिबल और बीइंग स्मार्ट एज योर स्मार्ट फोन पर अपनी कार्यशाला प्रस्तुत करेंगी। चिराग पामेचा डिस्कवर योर बेस्ट वर्जन और रोडमैप टू सुपर सक्सेस जैसे विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र लेंगे। दोपहर में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की ओर से मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्होंने शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन किया है। दिन का समापन होगा प्रसिद्ध गायिका अभिलाषा बांठिया द्वारा प्रस्तुत भक्ति संध्या के साथ, जिसमें भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि से सभी को आध्यात्मिक सुख की अनुभूति होगी।

## समाज लाइव

# अग्रसेन कार्निवल में बॉलीवुड विलेन बनकर पहुंचेंगे प्रतिभागी



रायपुर। अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर अग्रवाल युवा मंडल द्वारा ट्रेजर हंट गो रायपुर गो का आयोजन सुबह 9 बजे मैक कॉलेज समता कॉलोनी में आयोजन किया जाएगा। यहां प्रतिभागियों को बॉलीवुड विलेन के रूप में तैयार होकर आना होगा। इसके अलावा गाड़ी को सरकारी वाहन के थीम में सजाया जाएगा। समाज की ओर से आकर्षक उपहार दिया जाएगा। दोपहर 1 बजे अग्रसेन धाम में ट्रेजर हंट समाप्त होगा और कार्निवल चालू होगा। लगातार तीसरे वर्ष अग्रसेन कार्निवल 3.0 का आयोजन किया जा रहा है। प्रचार प्रसार मंत्री आयुष मुरारका ने बताया कि एम्बिएंस नेचर के सहयोग से अग्रसेन धाम में 34 विभिन्न स्टॉल अग्रवाल समाज द्वारा लगाया जाएगा। इसमें बच्चों और बड़ों के लिए आकर्षक गेम्स रहेंगे। बुजुर्गों की चौपाल और छोटे बच्चों का फोटोशूट होगा भी होगा।

### अग्रवाल सभा के पदाधिकारी ने की सीएम से मुलाकात

अग्रवाल सभा की ओर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी। इसकी शुरुआत शहर में हो चुकी है। 3 अक्टूबर गुरुवार को श्री महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन किया गया है, जिसे लेकर समाज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान समाज ने मुख्यमंत्री को जयंती में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आमंत्रित किया, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने सहमति भी दे दी है। मुलाकात के दौरान समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को समाज के द्वारा होने वाली विभिन्न गतिविधियों को विस्तार से जानकारी दी। मुख्य कार्यकम श्री अग्रसेन धाम, छेरीखेड़ी रायपुर में आयोजित किया गया है। प्रचार प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, सहलाकर कैलाश मुरारका, सलाहकार रमेश चंद अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, जयंती प्रभारी मनीष अग्रवाल, मंत्री विश्वंभर अग्रवाल, संस्कृति कार्यक्रम प्रभारी आनंद गोयल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

## राजधानी में सजने लगा माता का पंडाल, समितियों ने शुरू की तैयारी

# शहर में तारापीठ व उत्तराखंड शक्तिपीठ की तर्ज पर सजेगा माता का पंडाल, पश्चिम बंगाल के कारीगर दे रहे आकार

इस बार भी शारदीय नवरात्रि की धूम शहर में मचने वाली है। इसके लिए माता के धाम समेत सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा की जाने वाली स्थापना के लिए भी तैयारियों का दौर तेज हो गया है। किसी ने कोलकाता के तारापीठ मंदिर की तरह पंडाल को आकार देने का निर्णय लिया है तो कहीं उत्तराखंड स्थित माता के शक्तिपीठ की तरह माता के धाम को सजाया जाएगा। अभी कई समितियों ने पंडाल का स्वरूप कैसा होगा, इसका निर्णय भी नहीं लिया है।



रायपुर। राजधानी के सभी देवी मंदिरों में जहां 15 दिनों से रंगाई-पोताई और तैयारी का सिलसिला चल रहा है। वहीं जगह-जगह पंडालों में की जाने वाली स्थापना के लिए कई आयोजकों ने तैयारी शुरू की है। वहीं कई जगह मुख्य मार्गों के आसपास की जाने वाली स्थापना के चलते उन्हें थीम बेस्ड पंडाल बनवाने का अवसर नहीं मिलता है, इसलिए समिति के लोग सामान्य पंडाल में माता का धाम सजाते हैं। इससे आमापारा चौक, पुरानी बस्ती, फाफाडीह, शास्त्री मार्केट-बांसटाल क्षेत्र ही नहीं, भनपुरी में भी पंडालों का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। समिति के लोगों ने बताया कि हर साल सप्ताहभर पहले पंडाल



बनाने का क्रम शुरू किया जाता है। इसे थीम बेस्ड नहीं कर पाते हैं, इसलिए स्थानीय कारीगरों को ही निर्माण की जिम्मेदारी दी जाती है। इस बार भी एक सप्ताह पहले ही पंडाल बनाना शुरू किया जाएगा।

### आज तय होगा पंडाल का थीम

बूढ़ापारा में बिजली ऑफिस चौक के पास 45वें वर्ष दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि को उत्सव का रूप देने की तैयारी है। पंडाल को आकर्षक लुक देने के लिए पश्चिम बंगाल के 12 सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। अभी वे पंडाल के ढांचे को आकार दे रहे हैं। समिति के अध्यक्ष सुनील गायकवाड़ ने बताया कि इस बार पंडाल कौन-सी थीम पर तैयार किया जाएगा, इसका निर्णय समिति के साथ रविवार को होने वाली चर्चा के बाद ही तय किया जाएगा। इस बार माता के धाम को रंगबिरंगी लाइटों से सजाने की जिम्मेदारी भी पश्चिम बंगाल के कारीगरों को ही दिया गया है। इस बार भी माता को सौम्य रूप में स्थापित किया जाएगा। अंजोरा के मूर्तिकार से इस बार 8 फीट ऊंची माता की मूर्ति बनवाई जा रही है, जिसे 2 अक्टूबर को लाया जाएगा।

### माता के दरबार में शिव परिवार

कोलकाता में तारापीठ माता मंदिर की तरह ही स्थापना के 26वें वर्ष नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति हनुमान मंदिर चौक के पास भव्य भंडाल आकार ले रहा है। समिति के संस्थापक कृष्ण कुमार बाघ ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी माता का दरबार सजाने के लिए पश्चिम बंगाल के 22 कारीगरों को जिम्मेदारी दी गई है। 16 सितंबर से उनकी टीम ने काम करना शुरू कर दिया है। इस बार माता के दरबार में लाइटिंग के साथ स्थल सज्जा की जिम्मेदारी भी यही कारीगर निभाएंगे। पंडाल में इस साल स्थल सज्जा के रूप में शिव परिवार की झलक देखने को मिलेगी। वहीं माताजी की प्रतिमा 12 फीट ऊंची होगी। साथ ही स्थल सज्जा के रूप में सजने वाली प्रतिमाएं 6 से 8 फीट होगी। शिव-नंदी, माताजी और शेर की झलक देखने को मिलेगी। बैरन बाजार में होलीक्रॉस स्कूल के पास हर साल की तरह इस बार भी माता की स्थापना के लिए 24वें साल आकर्षक पंडाल को आकार देने का क्रम विगत 15 सितंबर से जारी है। श्री श्री मां मंगला काली दुर्गोत्सव समिति के मेंबर सन्नी सागर ने बताया कि इस बार माता के भव्य दरबार को आकार देने की जिम्मेदारी कोलकाता के 16 कारीगरों को दी गई है।

# महादेवघाट में अब रात 10 बजे तक नौका विहार






*रायपुर। महादेवघाट में नौकायन की सैर अब लोग रात 10 तक कर सकेंगे। पहले 8 बजे तक नदी में नौका चलाई जाती थी, लेकिन रात में महादेवघाट पहुंचने वाले लोगों की संख्या बढ़ने के बाद अब इसकी समय अवधि को बढ़ा दिया गया है। बड़ी संख्या में लोग अब रात में नौकायन का लुत्फ उठा रहे हैं। रंगबिरंगी लाइट और आकर्षक रूप से सजी नाव लोगों को आकर्षित कर रही है।*

# मनुष्य को जीवन में भोजन केवल दो ही महिलाएं करा सकती हैं, मां और पत्नी

रायपुर। स्वयं को श्रीकृष्ण को समर्पित करते हुए उनके दिव्य ज्ञान के अनुरूप जीवन जीना ही श्रीमद् भागवत कथा का मूल है। जीवन में शांति तब मिलेगी, जब आप श्रीकृष्ण से संबंध जोड़ने लगोगे। भागवत कथा की यह मूल बातें अग्रसेन भवन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथा के विश्राम दिवस पर श्रीधाम वृंदावन से पहुंचे राधेश्याम शास्त्री ने कही। भागवत सप्ताह के समापन दिवस पर कथावाचक ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। कथा के अंत में हवन में आहुतियां समर्पित कर भक्तों ने भागवत भगवान की महाआरती की। इससे पहले हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। राधेश्याम शास्त्री ने बताया कि पं. राधेश्याम ने कहा कि जो मनुष्य तन मिला है, वह स्वयं व पुरखों के उद्धार के लिए मिला है। एक बात याद रखना, समाज को खुश करना बहुत कठिन है, लेकिन कन्हैया को खुश करना बहुत सरल है। आप यदि दुख में केवल समर्पित भाव से रो दोगे तो कन्हैया कृपा कर देंगे। पं. राधेश्याम ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गृहस्थ जीवन के संदेश बताए। उन्होंने कहा कि आज भाई-भाई में बोलचाल बंद हो जाती है, जिसके पीछे केवल एकमात्र कारण होता है धन। श्रीकृष्ण को भी बड़े भैय्या बलदाऊ के साथ यह स्थिति झेलनी पड़ी थी।



### भोजन करते वक्त मोबाइल को दूर रखो

जीवन में आप कितने भी बड़े हो जाओ, अपना शिष्टाचार कभी मत भूलना, अपने से बड़ों को प्रणाम करना। उनकी उपेक्षा कभी नहीं करना। परिस्थितयां कभी बताकर नहीं आती। जो झुकता है वो महान होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि भोजन करते वक्त मोबाइल को हमेशा बंद रखा करो, भोजन को चबा चबाकर करो। भोजन के वक्त पानी न पियो, इससे आपके स्वास्थ्य के साथ मन भी अच्छा रहेगा। पं. राधेश्याम ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की 16 हजार 108 पटरानियां थीं, और हर किसी के पास 100-100 नौकरानियां, लेकिन वह अपने पति श्रीकृष्ण की सेवा स्वयं करती थीं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आज से एक बात का संकल्प जरूर ले लो, कि भोजन अपने पति को अपने हाथ से कराएंगी और हमेशा मुस्कराते हुए। मनुष्य को जीवन में भोजन केवल दो ही महिलाएं करा सकती हैं, वह है मां और पत्नी। बाकी सब तो केवल पेट भरा सकते हैं।

## सामूहिक क्षमावाणी में समाज हुआ एकत्र, दस दिनों उपवास के बाद मिला विशेष सम्मान

# भविष्य में संतान से समय चाहिए तो आज से ही संस्कार दीजिए

कार्नर न्यूज

रायपुर। श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। शनिवार को ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि वर्तमान में माता-पिता बहुत दुखी हैं, बुढ़ापे में संतान का साथ नहीं है। ऐसी कई घटनाएं देखने और सुनने में आती हैं कि माता-पिता को घर से बाहर निकाल दिया जाता है। माता-पिता जिसे अपने बुढ़ापे का सहारा समझते हैं, वह उन्हें छोड़ देता है और माता-पिता को वृद्धाश्रम का सहारा लेना पड़ता है। यदि भविष्य में अपनी संतान का साथ चाहिए तो आज अपनी संतान को समय और संस्कार दीजिए। किसी दूसरे के भरोसे में संतान कैसे संस्कारवान बनेगी। मुनिश्री ने कहा कि आज माता-पिता के पास संतान के लिए समय नहीं है। पिता अपने कार्य में व्यस्त है और माता विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त है।



संतान की देखरेख दूसरे के भरोसे है। आज खाना बनाने, झाड़ू-पोछा लगाने, यहां तक कि पालना झुलाने, दूध पिलाने तक के लिए कितने-कितने लोगों को घरों में रखा जाता है। बच्चों की परवरिश दूसरे के भरोसे में छोड़ दी जाती है। बच्चों को घर में खाना खिलाने, संभालने के लिए केयरटेकर को रखा जाता है। वहीं स्कूल में पढ़ाने के लिए शिक्षक तो हैं ही, घर में पढ़ाने के लिए माता-पिता को समय नहीं है तो ट्यूशन डाल दिया जाता है। सुबह से रात तक बच्चे का समय माता-पिता से दूर ही बीतता है, ऐसे बच्चों की अच्छी परवरिश नहीं होगी। यदि आप समय नहीं दे सकते अपने बच्चों को तो भविष्य में उनसे भी समय की अपेक्षा नहीं रखना। मुनिश्री ने कहा कि पहले परिवारों में बच्चों की संख्या अधिक रहती थी। आज सीमित हो गई है। यहां तक की आज माता-पिता गर्भपात जैसा पाप भी करते हैं।

### पर्यूषण पर्व में महिलाओं की रही सहभागिता

पर्वाधिराज पर्यूषण के आनंदपूर्वक संपन्न होने पर समाज के सभी लोगों के लिए सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह डीडीनगर स्थित सामुदायिक भवन में श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रातः शनिवार को आयोजित किया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष सिंघई नरेश जैन, सचिव विकास जैन व कोषाध्यक्ष सिंघई राजेश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में जैन समाज की संख्या कम होने के बाद भी सभी ने बढ़-चढ़कर अपनी धन संपदा का दान किया तथा



नित्य पूजन, विधान अनुष्ठानों व भक्ति कार्यक्रमों में दसों दिन अपनी प्रतिभागिता दी। वहीं श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल के माध्यम से महिलाओं एक से बढ़कर एक धार्मिक, समाजिक जागरूकता के कार्यक्रम प्रस्तुत में सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ श्रेष्ठीजनों नरेश सिंघई, विमल जैन, मुलायम चंद जैन, निर्मल चंद जैन, पवन सेठी, शशिकांत जैन, अमृत लाल जैन को शॉल, माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मुंबई के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की सलोनी ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** पुदुच्चेरी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस मल्टी स्टेट टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 18 सिंतबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच शनिवार को पुदुच्चेरी में मुंबई ए सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। मुंबई ए सीनियर वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 81 रन ही बनाये। छत्तीसगढ की ओर से मंजरी ने 18 रन बनाये। साथ ही ससृष्टि शर्मा ने 15 रनों का योगदान दिया। मुंबई ए की ओर से जील डीमेलो ने 2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ए सीनियर वुमेंस की टीम 18.1 ओवरों में 5 विकेट खोकर 83 रन बना लिये तथा मैच 5 विकेट से जीत लिया। मुंबई ए की ओर से सानिका ने सर्वाधिक 38 रनों योगदान दिया तथा खुशी ने 22 रन बनाये। वही छत्तीसगढ की ओर से सलोनी डंगोरे ने 3 विकेट प्राप्त किये। मुंबई ए ने 5 विकेट से मैच जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ स्तरीय फुटबॉल में डीएफए दुर्ग विजेता



**रायपुर।** सीनियर वुमेन्स इंटर डिस्ट्रिक्ट स्टेट लेवल फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024-25 का आयोजन छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ एवं एनटीपीसी कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम एनटीपीसी जमनीपाली में 17 सितंबर से 21 सितंबर तक हुआ हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डीएफए दुर्ग एवं डीएफए बस्तर के बीच खेला गया। अंतिम समय तक दोनों ही टीमें एक दूसरे को टक्कर देती रही लेकिन खेल समाप्ति के एक मिनट पहले ही दुर्ग को एक पेनाल्टी मिला जिसे दुर्ग की जर्सी नंबर 6 लक्ष्मी ने गोल में तब्दील कर टीम को विजेता का खिताब दिलाया। दुर्ग जिले की जीत पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ जी डी गांधी, दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के सचिव एवं अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के कार्यकारी सदस्य मोहनलाल, दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एम एफ बेग एवं फुटबॉल संघ के सभी सदस्यों एवं फुटबॉल प्रेमियों ने विजेता टीम को बधाई दी।

### अस्मिता ताईक्वाडो वुमेंस लीग में भाग लेने पहुंचे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** गुजरात के बड़ोदरा शहर के वघोड़िया स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स वडोदरा गुजरात में अस्मिता ताईक्वाडो वुमेंस लीग खेलों इंडिया का आयोजन 20 से 22 सितंबर तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था प्रदेश भर के विभिन्न ज़िलो से 35 खिलाड़ी स्पर्धा में हिस्सा लेने बड़ौदारा पहुँचे है छत्तीसगढ़ ताईक्वाडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने बताया की पूर्वी कवर , कैडेट 55 किलोग्राम , जिया सॉव कैडेट 59 किलोग्राम , रोशनी राजपूत कैडेट 59 किलोग्राम शगुन जांगड़े कैडेट 59 किलोग्राम , भारती चौहान कैडेट 59 किलोग्राम , अदिति रॉय जूनियर 42 किलोग्राम, वर्षा चौहान 42 किलोग्राम , दक्षा चौधरी जूनियर 44 किलोग्राम , साधना यादव 44 किलोग्राम , सारिका द्विवेदी 46 किलोग्राम , प्राची राठौर 46 किलोग्राम , थामेश्वरी ठाकुर 49 किलोग्राम ग्लोरी 49 किलोग्राम ,रोशनी देवांगन 52 किलोग्राम ख़ुशी चौधरी 52 किलोग्राम प्राशंस पिठलिया 55 किलोग्राम , अंजलि कुजूर 55 किलोग्राम , मेरी जिलॉक्स्को 59 किलोग्राम,मानसी यादव 68 किलोग्राम भावना मारकंडे 68 किलोग्राम , सीनियर वर्ग में मंशी यादव 45 किलोग्राम ऋतु सॉव 46 किलोग्राम सानिया सॉव 49 किलोग्राम रीना साहू 49 किलोग्राम गंगा यादव 53 किलोग्राम , ख़ुशी सेनी 53 किलोग्राम गीतांजलि साहू 57 किलोग्राम अपूर्वा बाजपेयी 57 किलोग्राम आकांक्षी गोरन 62 किलोग्राम शिखा वर्मा 67 किलोग्राम निधि तिर्की 73 किलोग्राम रमा चतुर्वेदी 73 किलोग्राम पुमसे वर्ग में उन्नति मितल कैडेट रोशनी जूनियर अदिति रजवाड़े सीनियर दमनी पटेल का चयन छत्तीसगढ़ ताईक्वाडो संघ के द्वारा कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय महिला ताईक्वाडो प्रीतियोगिता में किया ग़या था ये खिलाड़ी अपने अपने वजन समूह में स्वर्ण व रजत पदक जीत कर राष्ट्रीय अस्मिता ताईक्वाडो वुमेंस लीग के लिये प्रदेश टीम में जगह बनाई है।

### डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आज



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग के तत्वाधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 22 सितंबर को लाखेनगर चौक में स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में रखा गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि उदघाटन समारोह सुबह 11 बजे बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा।

---

**बहुत सी वजहों से ओवरईटिंग करते हैं लोग, इस पर नियंत्रण जरूरी**

# आज भोजन का अभाव नहीं, बल्कि अधिक बार खाना है बड़ी चुनौती, खुद को संभालें

खाना शरीर के लिए एक ईंधन की तरह काम करता है। इसलिए, हर व्यक्ति को अपने शरीर की जरूरत से अनुसार खाना जरूर खाना चाहिए। लेकिन ऐसे कई लोग हैं, जो अक्सर ओवरईटिंग करते हैं। जिसके कारण उन्हें कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। ओवरईटिंग करने से ना केवल आपका वजन बढ़ने लगता है, बल्कि पेट फूलना, खाना सही तरह से ना पचने व अन्य कई तरह की समस्याएं होती हैं।

कई लोगों को यह पता ही नहीं होता है कि ऐसी कौन सी चीजें हैं, जो उन्हें ओवरईटिंग करने के लिए ट्रिगर करती हैं। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप पहले ओवरईटिंग करने के पीछे के कारणों के बारे में जानें, ताकि आप खुद को जरूरत से ज्यादा खाने से रोक पाएं। आपको ओवरईटिंग करने के कारणों के बारे में जानना जरूरी है।



### अपनी प्लेट के कारण ओवरईटिंग करना

आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन कभी-कभी आपकी ओवरईटिंग के पीछे का कारण आपकी प्लेट भी हो सकती है। कई बार हम अपनी किचन में बड़ी साइज की प्लेट रखते हैं। लेकिन ये प्लेट्स आपको जरूरत से ज्यादा खाना प्लेट में रखने के लिए प्रेरित करती हैं। जिसके कारण आप ओवरईट करते हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपनी प्लेट के साइज पर ध्यान दें। छोटी साइज की प्लेट आपको अधिक खाने से रोकती है।

### इमोशनल ईटिंग करना

यह एक बेहद ही आम वजह है ओवरईटिंग करने की। कई बार लोग तनाव, उदासी, दुख या अकेलेपन जैसी नेगेटिव फीलिंग्स (वीकेंड पर ओवरईटिंग) से निपटने के लिए खाने में अपनी खुशी ढूंढते हैं। ऐसा करने से आपको भले ही कुछ वक्त के लिए अच्छा लगे, लेकिन इससे आपको ओवरईटिंग की आदत पड़ जाती है।

### सोशल प्रेशर होना

कई बार लोग सोशल प्रेशर के कारण भी ओवर ईटिंग करते हैं। आपने नोटिस किया होगा कि अक्सर पार्टीज या फिर सोशल फंक्शन में अक्सर लोग आपको अधिक खाने के लिए प्रेशराइज करते हैं। ऐसे में आप चाहकर भी उन्हें ना नहीं कह पाते हैं, जिससे आप अमूमन ओवरईट कर लेते हैं।

### माइंडलेस ईटिंग करना

जब भी आप माइंडफुल ईटिंग करते हैं तो ऐसे में आप अपने खाने पर नजर रखते हैं। लेकिन कई बार आप माइंडलेस ईटिंग करते हैं या फिर खाते समय (हेल्दी सलाद) उनका ध्यान अपनी प्लेट नहीं, बल्कि टीवी, कंप्यूटर या फिर फोन पर होता है। ऐसे में पेट भरने का अहसास ही नहीं होता है। यह देखने में आता है कि इस स्थिति में अक्सर लोग ओवरईटिंग करते हैं।



### मील्स को स्किप करने की आदत

अगर आप अक्सर काम के चक्कर में या फिर अन्य वजहों से मील स्किप करते हैं तो यह काफी हद तक संभव है कि आप अपनी अगली मील के दौरान जरूरत से कुछ ज्यादा ही खा लें। इसलिए, कोशिश करें कि आप दिनभर में अपने सभी मील लें। तीन मेन मील्स के अलावा मिड मील्स को भी जरूर लें। इससे आप हर मील में केवल उतना ही खाएंगे, जितना कि आपको वास्तव में खाना चाहिए।

## तवे पर नहीं, कड़ाही में बनाएं बन डोसा, मास्टर शेफ से जानें रेसिपी



अब तक आपने तवे पर डोसा बनते देखा होगा, लेकिन अब आप कड़ाही पर डोसा बनाएं। इस डोसा को तैयार करने का और बनाने का तरीका बहुत अलग है। मास्टर शेफ पंकज भदौरिया ने इस रेसिपी की डिटेल्स अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। आइए आप भी इस रेसिपी को बनाना सीख लें। डोसा बनाने के लिए पहले चावल को अच्छी तरह से धोकर मेथी के साथ 4-5 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। इससे चावल और मेथी नरम हो जाएंगी और आपको उन्हें पीसना आसान हो जाएगा। पानी को निथारकर एक मुलायम पेस्ट बना लें। अब चावल के घोल को एक बड़े कटोरे में डालें। इसके बाद पोहा, नारियल और पानी को मिलाकर स्मूथ घोल बनाएं और इसे चावल वाले कटोरे में डालें। अगर आपको लगे, तो इसमें पानी डालकर इसकी कंसिस्टेंसी को स्मूथ कर सकते हैं।

## वास्तु के अनुसार करें रसोई की आंतरिक व्यवस्था, ताकि रहे अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि


वास्तु शास्त्र का मूल आधार पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि,वायु) का संतुलन है, जो सुखी और समृद्धशाली जीवन जीने के लिए अति आवश्यक है, इनमें असंतुलन होने से नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। वास्तु के इन नियमों का पालन न करने पर व्यक्ति विशेष का स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि उसके आर्थिक और सामाजिक पक्ष पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य और उनके जीवन की खुशहाली के लिए यह जरूरी है कि आपके घर में रसोई भी वास्तु सम्मत हो। रसोई, घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। हमारे बीच में यह गलत प्रचलन है कि हम मकान बनवाते समय रसोईघर को कम स्थान देने की सोचते हैं। जबकि उसका खुला-खुला वातावरण रहना अत्यंत ज़रूरी है क्योंकि जितने उपकरण तथा सामग्री रसोईघर में होती है उतना किसी अन्य जगह नहीं।



### सही दिशा में हो रसोई

वास्तु की मानें तो घर में अग्नितत्व की दिशा आग्नेय कोण(दक्षिण-पूर्व) में रसोई का निर्माण होना चाहिए। आग्नेय दिशा,अग्नि के रजस गुण के कारण रसोई लिए उपयुक्त मानी गई है।



## सपने में दिखाई देते हैं पूर्वज, जानिए इसका सही मतलब

16 दिनों तक जारी पितृपक्ष का बड़ा महत्व है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से पितृपक्ष का आरंभ हो जाते हैं और इसका समापन आश्विन मास की अमावस्या पर होता है। इस दौरान श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे कार्य किए जाते हैं। माना जाता है कि पितृपक्ष में हमारे पूर्वज पितृ लोक से धरती पर विचरण करते हैं और कई माध्यमों से हमें अच्छे और बुरे का संकेत भी देते हैं। इन्हीं में से एक संकेत है पितरों का हमारे सपने में आना। पितृपक्ष के दिनों में यदि आपको भी सपने में पूर्वज दिखाई दें, तो इसे अनदेखा न करें। स्वप्न शास्त्र के अनुसार इसका कोई न कोई मतलब जरूर होता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि पितृपक्ष के दौरान सपने में पितरों के दिखाई देने का क्या मतलब होता है...

### पूर्वजों को बहुत करीब देखना

यदि आप सपने में अपने किसी पूर्वज को स्वयं के बहुत करीब देखते या महसूस करते हैं, तो इसका मतलब यह होता है कि आपके पूर्वज अभी भी परिवार के मोह को नहीं छोड़ पाए हैं। इसके लिए के नाम से अमावस्या को धूप दिखानी चाहिए साथ ही पितृपक्ष में उनकी आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान करवाना चाहिए।

### सपने में बार-बार पूर्वजों का दिखाई देना



यदि आपको बार-बार पितरों से जुड़े सपने आते हैं तो इसका मतलब उनकी कोई इच्छा अधूरी रह गई है। आपके सपने में आकर वे आपसे कुछ कहना चाहते हैं। ऐसे में आपको अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पाठ करवाना चाहिए। साथ ही उनके नाम से दान-पुण्य करना चाहिए।

### प्रसन्न मुद्रा में पूर्वज का दिखाई देना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार यदि आपके सपने में पूर्वज प्रसन्न मुद्रा में या आशीर्वाद देते हुए दिखाई देते हैं तो यह शुभ संकेत है। ऐसे सपने का मतलब आपके पूर्वज आपसे खुश हैं और उन्होंने आपके श्राद्ध को स्वीकार कर लिया है।

### शांत दिखाई देना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार सपने में आपको पूर्वज शांत मुद्रा में दिखाई देना भी सही रहता है। ऐसे सपने इस बात का संकेत देते हैं कि आपके पूर्वज आपसे संतुष्ट हैं और जल्दी ही आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।



























